जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, बुधवार 30 अगस्त, 2023


# NPO

## NEW PRODUCT OFFER

# कल बंद हो रहा है।

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA

## सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

**आज की रेट ₹3000/- Sq Ft | पजेशन की रेट ₹4500/- Sq Ft**

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

1.5 गुना रिटर्न



POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | आज की रेट (NPO New Product Offer) | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

चापलूसी तीन घृणित दुर्गुणों से बही है–असत्य, दासत्व और विश्वासघात।
–अज्ञात

# दांव वाले गेम के बढ़ते बाज़ार से समाज की चिंताएं बढ़ीं

जीएसटी काउंसिल द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगा दिये जाने से ऑनलाइन गेमिंग उद्योग परेशान है। भारत में फैंटैसी ऑनलाइन गेम्स हाल के वर्षों में काफी लोकप्रिय हुए हैं जिससे इन खेलों की लत लगने को लेकर समाज में चिंताएं भी बढ़ी हैं। यह लत पश्चिम की बाज़ार की शक्तियां अपने मुनाफे के लिए लगा रही हैं। कई विदेशी कंपनियों ने भारतीय गेमिंग कंपनियों में निवेश किया हुआ है। उन्हें ही नये टैक्स को लेकर सबसे अधिक परेशानी है। आज के समय में जुआ अपने नये अवतार 'गेम' के नाम से डिजिटल जगत में उतरा है। इस नये अवतार में जुए को एक खूबसूरत नाम गेम दे दिया गया है जिससे मनोवैज्ञानिक तौर पर उसके अनैतिक होने का भान नहीं हो। उसे खेलने वालों या उसे खेलते देखने वालों के मन में कोई ग्लानि अथवा अपराधबोध नहीं हो। वैधानिक रूप से दांव लगाने पर प्रतिबंधों के होते हुए भी डिजिटल युग में वह अनेक रूप धर कर लोगों की जेबों में सेंध लगा रहा है। गेम को डिजिटल दुनिया में सबसे अधिक पैसा कमाने का जरिया भी बना दिया गया है। बाज़ार पर निगाह रखने वाली एजेंसियों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग से होने वाली आय अगले दो साल में फिल्म मनोरंजन से होने वाली आय से भी अधिक हो जाने वाली है। पूर्व–कोविड महामारी दौर में 2019 में फिल्म मनोरंजन से 19,100 करोड़ रुपये की आय हुई थी। उसके मुकाबले तब ऑनलाइन गेमिंग से 6,500 करोड़ रुपये कमाए गए थे। तब फिल्म मनोरंजन से होने वाली आय ऑनलाइन गेमिंग की आय से लगभग तीन गुना अधिक थी। कोरोना महामारी ने फिल्म मनोरंजन की आय में 62 प्रतिशत की गिरावट ला दी। इस साल फिल्म मनोरंजन की आय पूर्व–महामारी के स्तर 19,400 करोड़ रुपये तक फिर पहुंच जाने का अनुमान है, मगर इस बीच, ऑनलाइन गेमिंग व्यवसाय का तेजी से उठाव देखने को मिला है। चालू वर्ष में इस कारोबार को 16,700 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। बाज़ार के विश्लेषक इसकी आय दो साल बाद 2025 में 23,100 करोड़ रुपये तक पहुंच जाने की उम्मीद कर रहे हैं जो उस वर्ष के फिल्म मनोरंजन से होने वाली आय 22,800 करोड़ रुपये से अधिक होगी। फिल्म मनोरंजन की आय में मुख्य रूप से थिएटर रिलीज से मिलने वाला पैसा तथा ओटीटी जैसे प्लेटफॉर्म से प्रसारण अधिकार और सिनेमाघरों में होने वाली कमाई शामिल है। ऑनलाइन गेमिंग में रम्मी और पोकर जैसे सीधे–सीधे जुआ वाले गेम से होने वाली आय शामिल हैं तो ई–स्पोर्ट्स और कैजुअल गेमिंग के साथ–साथ विज्ञापन की आमदनी इसमें योगदान करती है। हाल ही में जारी फिक्की की रिपोर्ट कहती है कि जिस प्रकार ऑनलाइन गेमिंग में लोगों की रुचि बढ़ रही है उसे देखते हुए मनोरंजन के इस प्रखण्ड में 2025 तक 19.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर देखी जा सकती है, जबकि फिल्म मनोरंजन के लिए यह वृद्धि दर 9.8 प्रतिशत पर सिमटी रहेगी। डिजिटल मीडिया और अन्य क्षेत्रों में वृद्धि के कारण समग्र मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की फिक्की को उम्मीद है। दिलचस्प बात यह है कि सबसे कम वृद्धि प्रिंट प्रखण्ड में रहने की आशंका जताई गई है, जिसमें समग्र वृद्धि दर घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई है। इस समय डिजिटल मीडिया में दांव लगाने के लिए ग्राहकों को लुभाने की मुहिम लगी है। फिल्मों और क्रिकेट के बड़े सितारों से सजे पूरे–पूरे पेज के मुखपृष्ठ विज्ञापन अखबारों में नज़र आये हैं। यह विज्ञापन एक प्रकार से गेम खेलने का निमंत्रण देते हैं, मगर अपने कानूनी तथा नैतिक बचाव में यह जरूर साथ में कह देते हैं कि रिस्क को जान कर, संभल कर खेलें। मगर कोई भी जुआ संभल कर नहीं खेला जाता। ऐसा हम पुरातन काल महाभारत काल से देखते आये हैं।

जुआ संभवत: उतना ही पुराना है जितनी कि मानव सभ्यता। भारतीय धर्म और इतिहास के अध्येता भी इस बात की ताईद करते हैं कि वैदिक काल से ही जुए को एक प्रकार का खेल माना जाता रहा है। प्राचीन भारतीय शास्त्रों में इसे 'द्यूत क्रीडा' की संज्ञा मिलती है। इतिहासकार कहते हैं कि दांव लगाने वाले खेलों का भारतीय इतिहास कम से कम ढाई हजार साल पुरानी सिंधु सभ्यता तक तो आसानी से देखा जा सकता है। हालांकि इस सभ्यता की लिपि अब तक नहीं पढ़ी जा सकी है परंतु उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों के आधार पर यह यकीन से कहा जा सकता है कि तत्कालीन सिंधु सभ्यता के निवासियों के मनोरंजन के साधनों में एक, द्यूत क्रीडा भी होता था। सिंधु घाटी के पुरातात्विक खनन में गोटियां और पासे मिले हैं जिन पर एक से छह तक की संख्याएं अंकित है। इस खेल का प्रामाणिक इतिहास वैदिक काल से ही मिल जाता है। द्यूत क्रीडा का सबसे पहला परिचय हमें ऋग्वेद में मिलता है। शास्त्रों के अध्येता द्यूत शब्द को दिव् धातु से बना बताते हैं। इसे खेलने वाले को 'कितव' कहा गया है: ''प्र व एको भिमय भूर्यागो यत्राम कितवं शशास। आरे पाशा आरे अद्यानि देवा मा माधि पुत्रे विमिय ग्रभीष्ट।'' यह खेल 'अक्ष' अर्थात पासे से खेला जाता था। इसके खिलाड़ी को इसीलिए 'अक्षद्यूत' कहा गया। पाणिनि की अष्टाध्यायी तथा काशिका में अक्षक्रीड़ा के स्वरूप का पूरा परिचय मिलता है। अष्टाध्यायी में इसी शब्द का प्रयोग हुआ है। वह उसे 'आक्षिक' कहते हैं। पतंजलि ने सिद्धहस्त द्यूतकर के लिए 'अक्षिकतव' शब्द का प्रयोग किया है। ये 'अक्ष' या पासे, अक्ष–विभीतक नामक वृक्ष की लकड़ी से बनाये जाते थे। पासों की लकड़ी का रंग भूरा होता था। पासे मिट्टी या पत्थर के भी बनाये जाते थे। कुल 53 (त्रि पंचाशः) गोटियां होती थी। और यह खेल प्राय: तख्तों पर खेला जाता था। यह भी सभी जानते हैं कि महाभारत जैसा प्रलयंकारी युद्ध भी दांव वाले अक्ष क्रीड़ा या द्यूत क्रीडा के कारण ही हुआ था। दुनिया के अन्य कोनों में भी जुए के कई रूप प्रचलित रहे हैं। सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पुराना पासे या गोटी से दांव लगाना ही है। नृतत्वशास्त्रियों को मिश्र के पिरामिडों में हुए उत्खनन से करीब चार हजार साल पहले इस खेल के अस्तित्व के महत्वपूर्ण प्रमाण मिले हैं । इसके अलावा पासे और गोटियां भी मिली हैं। वहां मकबरे में एक भित्तिचित्र भी मिला है, जिसमें मिस्त्र की विख्यात महारानी नेफरतिति को यह खेल खेलते हुए दर्शाया गया है। बाइबल में भी कुछ संदर्भों में जुआ खेलने के बारे में उल्लेख मिलते हैं। रोम में भी प्राचीन काल से ही जुआ खेलने के सबूत मिलते हैं।


**यह भी ध्यान देने की बात है कि सनातन संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों में जुआ दुर्गणों के रूप में ही वर्णित है। मनु, याज्ञवल्क्य आदि नें राजाओं के लिए जो दिशा निर्देश लिखे हैं उनके मुताबिक़ जुआ राज्य के लिए वर्जित होना चाहिए। उन्होंने इसे खुलेआम-चोरी की संज्ञा दी। भारतीय शास्त्रों में तो राजाओं के लिए जुआ पूरी तरह वर्जित कहा गया है क्योंकि इससे वे पथभ्रष्ट हो सकते हैं।**

पासों के अलावा भी जुए अनेक प्रकार से खेले जाते है। जुए का अति प्राचीन स्वरूपों में से एक घोड़ों की रेस दुनिया भर में प्रचलित है। इसका अस्तित्व करीब दो हजार सालों से है। घुड़दौड़ में अरबों रुपयों का कारोबार होता है। अकेले अमेरिका में ही करीब दो सौ घुड़दौड़ ट्रैक है। मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में घुड़दौड़ों के नियमित सत्र चलते हैं। अंग्रेजों के जमाने से लेकर आजादी के दो दशक बाद तक भारत में घुड़दौड़ लोकप्रिय थी, मगर बाद में दूसरे मनोरंजन के साधनों के आगे यह पिछड़ गई। इसके अलावा दांव लगा कर बैलों की लड़ाई, मुर्गों की लड़ाई और बुलफाइटिंग जैसे खेल भी जुए की श्रेणी में ही आते हैं। ऐसे ही कैसिनो मशीनें भी होती हैं जिन पर दांव लगाए जाते हैं। ज्यादातर लोकप्रिय सरकारें इस द्यूतक्रीड़ा का आयोजन खुद नहीं करती बल्कि लाइसेंस के जरिए कैसिनो का कारोबार निजी क्षेत्र को सौंप देती हैं और फिर टैक्स के जरिए कमाई करती हैं। कैसिनो में भी जुए के कई रूप प्रचलित हैं। मगर कैसिनो नाम से पहले दिमाग में रोलेट ही कौंधता है जिसमें गोटी के साथ एक चक्र घूमता है। और भी कई खेल हैं, जो मशीनों से खेले जाते हैं। ताश के पत्तों के भी ऑनलाइन गेम मौजूद है। कुछ समय पूर्व तक सरकारें कमाई करने के लिये लॉटरियों का जुआ चलाती थीं और उनके टिकट बेचती थी। राजस्थान में तो अल्प बचत विभाग में लॉटरी के लिए विशेष रूप से अलग व्यवस्था थी। पहले लॉटरी के मॉसिक ड्रॉ खुलते थे, फिर साप्ताहिक हुए, उसके बाद दैनिक ड्रॉ ने जोर पकड़ा। भारत में लॉटरी का दुखद पक्ष दैनिक ड्रॉ के बाद ही सामने आया। रातों–रात लखपति बनने की चाह में लाखों लोग इसके पीछे पागल हो गए। हजारों घर बर्बाद हो गए। लॉटरी के दुष्चक्र में फंसकर खुदकुशी करने वालों की तादाद भी हजारों में होगी। इसी कारण भारत में लाटरी बैन कर दी गयी।

यह भी ध्यान देने की बात है कि सनातन संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों में जुआ दुर्गणों के रूप में ही वर्णित है। मनु, याज्ञवल्क्य आदि नें राजाओं के लिए जो दिशा निर्देश लिखे हैं उनके मुताबिक़ जुआ राज्य के लिए वर्जित होना चाहिए। उन्होंने इसे खुलेआम–चोरी की संज्ञा दी। भारतीय शास्त्रों में तो राजाओं के लिए जुआ पूरी तरह वर्जित कहा गया है क्योंकि इससे वे पथभ्रष्ट हो सकते हैं। भले ही सदियों से उत्तरी भारत में दिवाली के त्यौहार पर जुआ खेलना कर्मकांड जैसा बना हुआ नज़र आता है किन्तु भारतीय शास्त्रों में तो इसे हमेशा बुरा ही बताया गया है। महाभारत के उद्योग पर्व में कहा गया है: 'अक्षद्यूतं महाप्राज्ञ सतां मति विनाशम्। असतां तत्र जायन्ते भेदाश्च व्यसनानि च।' अर्थात द्यूत समान कोई पाप नहीं। यह समझदार की बुद्धि का नाश कर देता है।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# हास्य अभिनेताओं की महिमा ( व्यंग )



महावीर सिंह

**प्रसिद्ध** हास्य अभिनेताओं के सहारे कई टीवी चैनल्स से हर रोज कम से कम एकाध, हंसा–हंसा कर लोटपोट करने वाला शो दिखाते हैं।

हास्य अभिनेताओं को अचानक अन्यत्र दूसरे देशों के बड़े चैनल्स पर शो दिखाने का मौका मिलता है तो देश से बाहर चले जाते है।

जैसे अभी हाल ही में एक प्रसिद्ध हास्य कलाकार--, क्या नाम है--- कोई शर्मा जी--कई दिनों के लिए बाहर देश चले गए तो भक्तों का तो बुरा हाल हो गया, खाना पीना ही भूल बैठे--- चेनल, विज्ञापन वालों का भी करोड़ों का नुकसान--

सही में कइयों से कोई एक हास्य कलाकार ऐसा भी होता है कि उसके भक्तों--प्रशंसक उसे लगभग देवता की श्रेणी में मान नें लग जाते हैं --उसके हास्य को भी भक्त लोग ब्रह्मस्तय मानने लगते हैं --

इसी प्रकार हमारी कहानी के हास्य अभिनेता से भी उन चैनल्स वालों नें कुछ इस प्रकार से अनुनय–विनय किया-- - मालिक, आपकी गैरहाजरी से धन्दा चौपट होने की कगार पर आ जाता है। दर्शक घट जाते हैं, टीआरपी एवरेस्ट की चोटी से धरातल पर आ जाती है।

मजे हुए अभिनेता नें दूर देश से ही इशारा कर दिया--लोट के आते ही, अगले 5, 7 दिन सुबह उठने के साथ से, लोग रात को सोयें तब तक शो दिखाया करूंगा, नुकसान से कई गुना ज्यादा की कमाई हो जाएगी--तैयारी पूरी रखना-- भक्तों को इशारा कर देना। आखिर मेरे बिना तुम जीरो, तुम्हारे बिना मैं भी तो फ़कीरो।

बात के पक्के अभिनेता नें जैसे ही देश की धरती पर पैर रखता है वादा निभाना शुरू कर देता है। चैनल्स की बल्ले–बल्ले शुरू और कमाई पहले से ज्यादा।

एक समीक्षक टाइप के आदमी नें दो–चार चैनल्स वालों से पूछ लिया, खयों भाई, एक ही अभिनेता पर इतना क्यों निर्भर रहते हो--हास्य अभिनेताओं की कमी है क्या? ढूंढो एक मिलेंगे हजार, एक से एक बढ़ कर।

सैंकड़ों की संख्या में मिल जाएंगे विभिन्न हास्यपूर्ण नामों वाली पोलिटिकल पार्टीज में। धर्म की आड़ में चल रहे अधार्मिक संगठन में तो इनकी भरमार है जो हास्य के साथ साथ लठबजी, तलवारबाजी में भी निपुण होते है। जैसे कोई कहता है हिन्दू धर्म कोई धर्म नहीं– –कोई दूसरा कहता है कि ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ वगैराह वगैराह---कोई बात बात में किसी को भी पड़ोसी मुल्क में भेजने की बात करने लगता है, कई 70 साल पहले क्या हुआ, बताने लगता है तो कई तो सतयुगीन भूतकाल की अद्भुत गाथाओं में खो जाते हैं---कोई कमी नहीं है ऐसे महान हास्य कलाकारों की।

अखबारों, चैनल्स के विज्ञापनों में भी विज्ञापन दाताओं और मीडिया वालों का गूढ़ हास्य ही तो छिपा होता है। मीडिया वाले भी पक्की पकाई खाना चाहते है, खोजबीन को बाई बाई।

आजकल अखबारों, टीवी चैनल्स पर कई सरकारों के एक–एक, दो–दो पेजों के विज्ञापन हर रोज आ रहे है जिसमें अगले 3, 4 माहिने में कई प्रदेशों को स्वर्ग बनाने के वादे है--चार साल चाहे जनता से मिले भी नहीं हो--क्या इसमें हास्य नहीं दिखता?? दिखता है किंतु विज्ञापन दाताओं की थैली दिमांगों पर ताले लगा देती है जी --

समीक्षक कहता गया--इन पोलिटिकल पार्टीज व छद्म धार्मिक संगठनों में बाकायदा बेहतरीन हास्य कलाकार तैयार कर आगे बढ़ाए जाते हैं। रात ओर दिन हास्य कला की नवीनतम शिक्षा दी जाती है, वर्जिश करवाई जाती है। अखबार वालों, टीवी चैनल्स वालों को उनकी तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

कुछ दूसरे नए, उभरते और कलाकारों को मौका देना चाहिए, उनकी भी थोड़ी बहुत तो दुकान चले--आपके साथ साथ व आपके सहयोग से।

समीक्षक कहता गया--झूठ के तड़के वाला हास्य ही ढूंढना हो तो सोशल मीडिया भरा पड़ा है, आजकल चुनाव के समय सरकारों, नेताओं द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापन भरे पड़े है। मीडिया वाले करें थोड़ी मेहनत, निकालें इन में से भरपूर हास्य।

ओर तो ओर, कई बार तो बड़े–बड़े सदनों में जो बड़ी सभाएं जुड़ती है, बहस होती है,वहां भी हास्य ही हास्य दिखने लगता है। खबरनवीस थोड़ी मेहनत करें तब न!!!

चेनल वाले भी मजे हुए कलाबाज थे, बात को घूम कर वहां ले गए जहां से शुरू हुई थी और बोले, बात तो आपकी ठीक है। हास्य कलाकारों, हास्य की कमी नहीं किन्तु जब लोग जोनीवाकर, महमूद, जगदीप, मुकरी को ही देखना चाहते है तो रामपाल को तो ईतजार करना ही पड़ेगा।

छोटे–मोटे पार्टी प्रवक्ताओं, तथाकथित धर्म का चोला पहने संगठनों के प्रवक्ताओं को कोई क्या ओर क्यों सुनेगा जब सबसे बड़ा हास्य अभिनेता मनोरंजन के लिए सदैव सर्वत्र सहज उपलब्ध हो।

वैसे रामपाल और उसके समवय दोस्त भी हास्य कला के निपुण खिलाड़ी है किंतु वे लोग लम्बा शो नही दिखा सकते, चुटकले टाइप छोटे–छोटे शो तो बहुत बढ़िया करते है।जनता अभ्यस्त हो गई बड़े शो देखने की।

दूसरे गम्भीर समीक्षक नें अपनी नाक आगे निकल कर कहा लम्बा शो दिखाने वालों, फेंकने वालों से भी लोग उब जाते है, चैनल्स बदलने लगते हैं। इसलिए दूसरों को भी कलाकारी दिखाने का मौका दो। कम से कम दो चार को तो तैयार करो जो इमरजेंसी जैसी स्थिति में काम आ जाएं।

चेनल वाले बोले, पिक्चर हाल में तालियों की गड़गड़ाहट तो जोनी वाकर, महमूद, जगदीप, मुकरी ओर वो जो गुजरात के कौन है रावल जी या ओर – ---उनको ही मिलती है। समीक्षक तो बाद में लिखते रहते हैं कि पिक्चर इस या उस प्रमुख कलाकार की वजह से ही हिट हुई किन्तु तत्काल ताली तो हास्य अभिनेता को ही मिलती है। नाचे गए बन्दरी (मख्य किरदार), खीर खाए फकीर (हास्य किरदार)।

अगर मुख्य कलाकार कुछ गलत–सलत बोल दे तो सारा खेल बिगड़ जाता है और हास्य कलाकार सैंकड़ो सालों के अलग–अलग समय के पात्रों को एक साथ बैठा कर गम्भीर धार्मिक संवाद भी करवा दे, लंका विजय और महाभारत एक काल में भी करवा दे, बात–बात में लाखों के बजाय करोड़ों को खुशहाल कर दे,– (चाहे दूसरे मुल्कों से ही आयातित करने पड़ें), आंख झपकने के साथ दूध की नदियां बहा दे, कंकर की जगह पहाड़ लोगों के गले उत्तर दे --वैसे भी परसाई जे नें कहीं लिखा है आत्म विश्वास धन, विद्या, बल का भी होता है किंतु सब से बङा आत्मविश्वास नासमझी का होता है।

तो भी लोग बड़ा दिल रख कर कह देते है---तो, इतना तो चलता है, आखिर इन लोगों को भी सुबह से शाम कितना काम करना पड़ता है!!!! किसी डायलॉग में गलती हो गई तो क्या पिक्चर देखनी बंद कर दें।

जो ऐसी बात भी कहे दे जिसका सिर पैर न हो और उस पर भी लोगों से हंस कर ताली पीटवा ले, वही महानतम हास्य कलाकार है।

एक मुफ्त की सलाह देने वाले नें भी सलाह दे डाली--1, 2 साइड हास्य कलाकरों को तो कला प्रदर्शन का मौका तो मिलता रहना चाहिए। इमरजेंसी कभी आ सकती है। अगर जनता को एक के ही हास्य अभिनेता के शो देखने की लत लगाओ गे तो देर–सवेर नुकसान का भी खतरा हो सकता है।

जनता का क्या, कब मूड बदलने का ठान ले और ऐसा हुआ तो कई चैनल्स पर तो परमानेंट पर्दा लग सकता है।

एक ठेठ अनाड़ी व्यक्ति नें उनकी बात की हामी भरते हुए कहा--यह साहब भी बात तो ठीक कह रहे है--पहले भी कई ऐसे शो हाउसफुल चलते–चलते अचानक औंधे मुंह गिरे है। पुरानी मारवाड़ी कहावत है, पुराने जमाने के परिवेश में जैसे शब्द चलते थे वैसे काम में लिए है (इसलिए कोउ बहन नाराज न हो)----''बिना मोरी और बिना जीन की ऊंटनी,, बिना मुंह बंद किए बोरी–बोरा–सलिता, नाते से आई पटरानी और जनता किसी की सगी नहीं''

इसलिए हे चेनल वालो, अखबार वालो, आज छोटे दिखने वाले हास्य कलाकरों की भी कदर करते रहोगे तो फायदे में रहोगे---आज के कुछ अति प्रसिद्ध हास्य कलाकारों को भी यह जुमला काम में लेते सुना होगा----/कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे–

''न काहू से दोस्ती,न काहू से बैर''– --आनंद लो मस्त रहो।

–महावीर सिंह,
पूर्व आईएएस

# कोटा की बेटी ने 10 देशों की सर्फिंग प्रतियोगिता में कीर्तिमान बनाया



कोटा की बेटी गर्विता ने सर्फिंग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

**कोटा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग ओपन प्रतियोगिता का आयोजन भारत में पहली बार मामल्लापुरम में 14 से 20 अगस्त तक किया गया। यह प्रतियोगिता विश्व सर्फिंग लीग का हिस्सा है। यह प्रतियोगिता खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में तमिलनाडु सरकार का एक और बढ़ ता कदम है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से भारतीय खिलाड़ियों को अपनी क्षमता

**■ गर्विता ने समुद्र की लहरों पर सर्फिंग के सफर में सहरानीय प्रदर्शन**

दिखाने का मौका मिला। जिसमें कोटा की स्टेशन क्षेत्र स्थित जेएन मार्शल निवासी गर्विता बल्दुआ ने सर्फिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया है। वर्तमान में वह बैंग्लोर स्टार्टअप में क्योर स्कीन में सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर हैं। राजस्थान में वह इकलौती इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली युवती थी जिन्होंने समुद्र की लहरों पर अपने खेल कौशल से सभी को रोमांचित कर दिया। वह इससे पूर्व पंडिचेरी, वरकला, उड़पी, महाबली परम में सर्फिंग कर चुकी हैं।

10 देशों ने लिया था भाग, गर्विता का प्रदर्शन रहा सराहनीय:–गर्विता बल्दुआ ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हमारे खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और हमारे देश को गौरवांवित करने का शानदार मंच है। अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन प्रतियोगिता में 10 देशों के 100 खिलाड़ी हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 45 हजार डॉलर है। इसमें एशिया और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गर्विता ने बताया कि वह टॉप 6 में रही। इस प्रतियोगिता में मलेशिया, जापान, सिंगापुर, भारत, आस्ट्रेलिया, मालदीप, श्रीलंका सहित अन्य देश थे। गर्विता ने बताया कि समुद्र में हर दिन कुछ नया होता है, लहरों का वेग और उतार–चढ़ ाव बदलता है तो हवाओं का रुख भी इस खेल को प्रभावित करता है, लेकिन यह खेल संयम, बैलेंस और एकाग्रता सिखाता है, साथ ही सघर्ष, कडी मेहनत और समुद्र के विशालकाय स्वरूप में अपने आप को संभालने की हर तहर से तैयार होने की प्रेरणा देता है। इस प्रतियोगिता की सफलता पर उन्हें 30 हजार का पुरस्कार भी दिया गया।

# सरकारी विद्यालय बना अनुशासन की मिसाल



अमरसिंह किशनावत



मनीषा चारण

**चूरू,** (कासं.)। आपाधापी और भाग–दौड़ के इस युग में एक शिक्षक दंपती के एक अनूठे नवाचार ने सरकारी विद्यालय को अनुशासन बनाए रखने की एक मिसाल बना दिया है।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण प्रेमी शिक्षक दंपती अमरसिंह किशनावत और मनीषा चारण के सौजन्य से 'अनुशासित रहो ईनाम पाओ' कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुधवाली में

**■ तीन वर्ष से चल रहा है 'अनुशासित रहो इनाम पाओ' कार्यक्रम**

लगातार तीसरे सत्र में भी जारी है। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक अमरसिंह किशनावत और मनीषा चारण की ओर से कार्यक्रम का शुभारंभ 25 नवम्बर 2021 को प्रधानाचार्य गिरधारी लाल स्वामी के द्वारा किया गया था। स्वामी के अनुसार इस कार्यक्रम में अनुशासित रहने वाले विद्यार्थियों को रजिस्टर, पेन, डिक्सनरी, सामान्य ज्ञान पुस्तक, स्लेट, पेंसिल आदि से पुरस्कृत किया जाता है। पिछले दो सत्रों और इस सत्र में अभी तक 350 से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया जा चुका है। जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों में चल रहे अनेकों नवाचारों में यह एक अद्वितीय नवाचार है, जिसमें रोजाना प्रार्थना सत्र में पुरस्कार देकर विद्यार्थियों को अनुशासित रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। किशनावत के अनुसार इस अनूठे नवाचार का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना का विकास करना और शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना है। प्रधानाचार्य गिरधारी लाल स्वामी ने बताया कि अनुशासित रहो ईनाम पाओ कार्यक्रम से विद्यार्थियों के अनुशासन में आशातीत सुधार हुआ है, साथ ही विद्यालय की समस्त शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की अभिरूचि विकसित हुई है। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक दंपती अमरसिंह किशनावत और श्रीमती मनीषा चारण की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मान आपके द्वार के तहत उनके घर जाकर सम्मानित किया जाता है।

# 106 साल पुराने तीन दिवसीय श्रावणी झूला महोत्सव का समापन



लालसोट के डिडवाना ग्राम में आयोजित झूला महोत्सव समापन कार्यक्रम में उमड़ी श्रोताओं की भीड़।

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के डिडवाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चल रहे 106 साल पुराने श्रावण झूला महोत्सव का मंगलवार को विधिवत समापन हुआ।

तीन दिवसीय इस श्रावणी झूला महोत्सव में बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेर कर आने वाले दर्शकों को भावविभोर किया गया। झूला महोत्सव आयोजन कमेटी से जुड़े राकेश सामोत्या ने बताया कि इस तीन दिवसीय झूला महोत्सव के दौरान स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों की टोलियां द्वारा लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जमा होने वाली भीड़ पर नियंत्रण रख कर इस कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। वहीं तीन दिवसीय झूला महोत्सव

**■ तीन दिन हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद आयोजन कमेटी से जुड़े लोगों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

प्राचीन काल में जब स्थानीय तौर पर व्यवसाय नहीं होने के कारण लालन–पालन के लिए ज्यादातर लोग कहीं दूर चले जाती थे। जहां बाहर व्यवसाय से सावन माह में ही लोग वापस लौटते थे एवं एक जगह लंबे समय से मिलने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम झूला महोत्सव का आयोजन कर स्नेह मिलन आयोजित करते थे। वहीं वर्षों पुरानी इस झूला महोत्सव की परंपरा को आज भी ग्रामीण निभाते चले आ रहे। इस दौरान आयोजन समिति के राकेश सामोत्या, राकेश मेडिवाला, सीताराम सोनी, सूरजमल गुप्ता, मुरारी पाटीवाला, मुरारी सोनी, भागीरथ सोनी, हनुमान शर्मा, प्रकाश, गंगा सहाय मुरारी, प्रकाश चोपड्या, पंडित हेमु, शिवान्स गुप्ता, चोंथमल गुप्ता, मन्नू सोनी, प्रकाश पाटीवाला, अंगद, काल्या नापित, राममनोहर गुप्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 30 अगस्त, 2023**

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 8:47 तक, अतिगंड योग रात्रि 9:32 तक, वणिज करण दिन 10:59 तक, चन्द्रमा आज दिन 10:19 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–मकर, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

राजयोग दिन 11:54 से रात्रि 8:47 तक है। भद्रा दिन 10:59 से रात्रि 9:02 तक है। बुध अस्त पश्चिम दिन 2:41 पर होगा। आज चान्द पूर्णिमा व्रत है। आज रक्षाबन्धन, हपग्रीव जयन्ती, नारेली पूर्णिमा, वलभद्र पूजा है। पंचक दिन 10:19 से आरम्भ होगा। आज रक्षाबन्धन रात्रि 9:02 के पश्चात मनाया जायेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:18 तक, शुभ 10:53 से 12:27 तक, चर 3:37 से 5:12 तक, लाभ 5:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:08, सूर्यास्त 6:47

### मेष



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन



धार्मिक–मांगलिक धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत परेशानियां अभी बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### सिंह




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कन्या




विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला




परिजनों का व्यवहार अच्छा रहेगा। भावनात्मक कारणों से मन:स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक




घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

### धनु




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मकर




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कुंभ



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से अस्त–व्यस्त दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




Salona Bandhan Rakhi Ka

After that, on every Salona (as Raksha bandhan was called) festival, she would come and tie a rakhi of pure pearls on Shah Alam II's wrist

Kuch Meetha Ho Jaaye!

Raksha Bandhan, a cherished festival that celebrates the bond of love and protection between siblings, calls for a joyous and sumptuous feast.




*टैलिस्कोप के अविष्कार से पहले खगोलविद् ब्रह्माण्ड के अध्ययन के लिए कई उपकरण व तकनीकें काम में लेते थे। इसमें सबसे सरल तरीका था बिना किसी उपकरण के सीधे ही आंखों से आकाश का अध्ययन। डैनमार्क के खगोलविद् टीको ब्राहे, दूरबीन के अविष्कार से पहले वाले युग के महानतम खगोलविद् थे। वे खगोलीय वस्तुओं और घटनाओं के सटीक ऑब्ज़र्वेशन के लिए विख्यात थे। उन्होंने ग्रहों और सितारों की स्थिति और गति पर काफी विस्तृत डेटा एकत्रित किया और पहला विस्तृत एवं सटीक कैटलॉग बनाया, जिसमें 1000 सितारों का उल्लेख था। यह कैटलॉग बाद के खगोलविदों के लिए भी काफी उपयोगी साबित हुआ। टीको ब्राहे के सिद्धांतों के आधार पर ही जर्मन गणितज्ञ और खगोलविद् जोहैनस कैपलर ने ग्रहों की गति के तीन नियम बनाए थे। बाद में इन्हीं के आधार पर न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के नियम बने थे। ब्राहे की सेवाओं को सम्मानित करने के लिए सन् 1576 में डेनमार्क के राजा फ्रैडरिक द्वितीय ने उन्हें एक द्वीप दे दिया था, शोध व अध्ययन के लिए। ब्राहे ने वहां यूरेनिबोर्ग आब्ज़र्वेटरी (वेधशाला) स्थापित की। दूरबीन के आविष्कार से पहले, यूरोप में पहली बार विशेषरुप से खगोल अध्ययन के लिए एक भवन बना था। सन् 1580 में यह बिल्डिंग बनकर तैयार हुई। मुख्य इमारत के चारों तरफ चारदीवारी से घिरे बगीचे थे। मुख्य भवन तीन मंजिल का था। ग्राउण्ड फ्लोर पर ब्राहे व उनका परिवार और वहां आने वाले खगोलविद् रहते थे। दूसरी मंजिल पर खगोलशास्त्र के उपकरण थे। तीसरी मंजिल पर छात्रों के कक्ष थे। किंग फ्रैडरिक द्वितीय की मौत के बाद ब्राहे को आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो उन्होंने भी इस जगह को छोड़ दिया। सन् 1601 में उनकी मौत हो गई। नए राजा ने यूरेनिबोर्ग व एक अन्य एस्ट्रोलॉजिकल साइट को तोड़ दिया।*

# गहलोत उन 50 विधायकों को टिकट देना चाहते हैं, जिन्होंने उनके अनुसार उनकी सरकार बचाई थी

## स्क्रीनिंग कमेटी इस बात का विरोध कर रही है, क्योंकि पार्टी द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण के अनुसार, इन विधायकों के जीतने की संभावना बेहद नगण्य है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। राजस्थान कांग्रेस में चुनावी लड़ाई शुरु हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उन 50 विधायकों के टिकट सुरक्षित करने के दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, जिन्होंने उस समय उनका साथ दिया था, जब उनकी सरकार के लिये सचिन पायलट ने संकट खड़ा कर दिया था। गहलोत का कहना है कि इन विधायकों ने सरकार बचाई थी, इसलिये इनको टिकट दिया जाना चाहिये तथा इन्हें पुनः चुनाव में खड़ा किया जाना चाहिये।

लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने तर्क दिया है कि पार्टी द्वारा किये गये सर्वे इन विधायकों की पराजय सुनिश्चित बता रहे हैं। गोगोई का कहना है कि पार्टी ऐसे लोगों को टिकट नहीं दे सकती, जिनकी हार सुनिश्चित हो।

ये लोग अत्यधिक भ्रष्ट लोगों की श्रेणी में भी हैं तथा ज़मीनी स्तर पर इनकी छवि बहुत खराब है।

- स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई के अनुसार, इन विधायकों में से अधिकतर विधायक बहुत ज्यादा ''भ्रष्ट'' हैं और जमीनी स्तर पर इनकी छवि ''दागी'' नेता की है।
- कहा जा रहा है कि, राहुल गांधी अगर गहलोत के दबाव में आ गए तो पार्टी की स्थिति विकट होगी।
- इस पूरे प्रकरण में रंधावा की स्थिति अटपटी है। वे अब तक गहलोत के भारी हिमायती के रूप में उभरे हैं तथा कई नेताओं, जैसे के.सी. विश्नोई ने लिखित में उनके खिलाफ शिकायत की है।
- अशोक गहलोत का प्रमुख प्रयास है कि, किसी भी तरह से सचिन पायलट के समर्थकों को टिकट न मिले, इसके लिए उन्होंने अपने खेमे के लोगों को टिकट वितरण प्रक्रिया में जोर-शोर से हंगामा करने के लिए एक्टिव कर दिया है।

सारा दारोमदार इस बात पर निर्भर है कि ऐसे विधायकों, जिनके जीतने की कोई संभावना नहीं है कि उनके टिकट काटने के मामले में राहुल गांधी किस हद तक, क्या रूख अपनाते हैं।

अगर वे गहलोत के दबाव के आगे झुक जाते हैं तो पार्टी की स्थिति खराब हो जायेगी।

दिलचस्प बात यह है कि ए.आई.सी.सी. महासचिव सुखजिंदर रंधावा की स्थिति बेहद अटपटी है वे मुख्यमंत्री गहलोत के भारी हिमायती के रूप में उभरे हैं। और उनकी छवि एवं प्रतिष्ठा पूरी तरह गर्त में जा चुकी है क्योंकि जब बात मुख्यमंत्री की आती है, तो वे खराब से खराब समझौता करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

बहुत से पार्टी पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ शिकायतें भी की हैं। शिकायतकर्ताओं ने पूर्व विधायक तथा ''दर्जा प्राप्त मंत्री'' के.सी. विश्नोई भी शामिल हैं, जिन्होंने रंधावा के खिलाफ लिखित शिकायत भेजी है।

अगर वे मुख्यमंत्री से मिलने के लिए सुबह का समय माँगते हैं, तो गहलोत उन्हें शाम को बुलाते हैं तथा फिर उन्हें टाल देते हैं।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है। ?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## सेवानिवृत्त आई.ए.एस. राजीव महर्षि आई.सी.यू. में भर्ती

जयपुर, 29 अगस्त (कासं)। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और पूर्व सी.ए.जी. राजीव महर्षि सोमवार को साइकिल से गिरने पर सिर में चोट लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें जे.एल.एन. मार्ग पर मोती डूंगरी स्थित सोनी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है।

- महर्षि सोमवार को साइकिल से गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई।

फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर है और आईसीयू में इलाज चल रहा है।

डॉ. विमल सोनी, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राघवेन्द्र चौधरी और उनकी टीम की देखरेख में महर्षि का इलाज हो रहा है। डॉ. सोनी ने बताया कि, महर्षि को गंभीर हालत में सोनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब वे अस्पताल आए थे, तब सिर में चोट लगने के कारण इंटरनल ब्लीडिंग हो रही

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'लोकसभा चुनाव निर्धारित समय से पूर्व दिसम्बर में हो सकते हैं'

## प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद नीतीश कुमार ने भी यही बात कही

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वही बात दोहराई, जो कल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कही थी कि लोकसभा चुनाव कुछ महीने पहले करवा दिए जाएंगे और दिसंबर में चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ ही होंगे। क्या बनर्जी और कुमार लोकसभा चुनाव जल्दी होने की बात इसलिए कर रहे हैं ताकि इंडिया गठबंधन के नेताओं में रणनीतियों को जल्दी अंतिम रूप देने की भावना जागे? या वास्तव में यह संभावना है कि केन्द्र सरकार चुनाव आयोग को जल्दी चुनाव घोषित करने के लिए उकसाएगा?

चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों से उजागर हुआ है कि भाजपा मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी के कारण मतदाताओं पर पकड़ खो रही है। सर्वेक्षण के नतीजे यह भी बताते हैं कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बहुत कमजोर रहेगा जबकि राजस्थान में

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- चर्चा है कि, क्या बनर्जी और कुमार इसलिए ऐसी संभावना जता रहे हैं ताकि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल बिना देरी के जल्द से जल्द रणनीति को अंतिम रूप दे दें।
- हालांकि यह भी चर्चा है कि, दिसम्बर में जिन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिए भाजपा की केन्द्र सरकार लोकसभा चुनाव भी दिसम्बर में करवा सकती है।
- कहा जा रहा है कि, लोकसभा चुनाव हुए तो भाजपा को लाभ होगा, क्योंकि चन्द्रयान-3 की सफलता और मोदी की लोकप्रियता के आधार पर इन चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति बेहतर हो सकती है।

## 'ई.डी. का मतलब है ''एक्सटॉर्शन'' डिपार्टमैंट'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट को बंद करने की गुहार करते हुए कहा कि, यह सत्तारूढ़ भाजपा का ''एक्सटॉर्शन डिपार्टमैंट'' बन गया है।

- आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि, ई.डी. (एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट) को बंद कर दिया जाए, जो भाजपा का ''एक्सटॉर्शन डिपार्टमैंट'' बन गया है।

संजय सिंह ने यह टिप्पणी, सी.बी.आई. द्वारा ई.डी. अधिकारियों के विरूद्ध दायर एफ.आई.आर. के बाद

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# चुनावी लड़ाई में प्रत्याशी की बहन पर घटिया आरोप

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। केरल के विधानसभा क्षेत्र पुथुपल्ली, जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के पुराने एवं दिग्गज नेता ओमेन चान्डी कर रहे थे, के लिये हो रहे उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के पार्टनरों-कांग्रेस एवं वामदलों के बीच की लड़ाई बड़े ही घटिया स्तर पर पहुँच गई है। और तो और, दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री की छोटी पुत्री तक पर गंदे एवं निन्दनीय हमले किये जा रहे हैं।

ओमान चान्डी के निधन के कारण होने जा रहा यह उपचुनाव मूलतः द्विपक्षीय ही है तथा सत्तारूढ़ वामपंथी मोर्चा विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यू.डी.एफ. से इस सीट को छीनने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। प्रसंगवश बता दें कि ओमान चान्डी के पुत्र चान्डी ओमान (जी हाँ, उनका यही नाम है) सी.पी.एम. के जैक सी थॉमस के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार है। यूँ तो चुनावी लड़ाई टक्कर की है लेकिन कांग्रेस का पलड़ा कुछ भारी नज़र आ रहा है।

- यह नजारा दिखा केरल में स्व. ओमान चांडी की सीट पर हो रहे उप चुनाव में, जहां से चांडी के बेटे कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
- इस उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का स्तर बेहद गिर गया है। वामपंथी दलों ने चांडी की छोटी बेटी पर घटिया आरोप लगाए हैं, जबकि वे चुनाव में प्रत्याशी भी नहीं हैं। चांडी की बेटी ने इस पर पुलिस में रिपोर्ट की है।
- गौरतलब है कि, कांग्रेस और वामपंथी, दोनों इंडिया गठबंधन के सहयोगी हैं। कहा गया है कि, गठबंधन के सभी दल विधानसभा में आमने-सामने तो हो सकते हैं, पर चुनावी मुकाबला सद्भाव पूर्ण होना चाहिए।

यहां प्रचार बहुत घृणित स्थिति में पहुँच गया है तथा चान्डी परिवार के राजनैतिक विरोधी कांग्रेस उम्मीदवार की बहिन तथा पूर्व मुख्यमंत्री की छोटी बेटी अचू ओमान पर तीखे तथा घृणित हमले कर रहे हैं। अचू ओमान ने साइबर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें उन पर हो रहे साइबर हमलों तथा घृणित सोशल मीडिया अभियान का हवाला दिया गया है, जिसमें, उन पर झूठे आरोप लगाते हुये, उनकी तथा उनके पिता एवं परिवार की छवि को खराब किया जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत में तिरुवन्तपुरम-निवासी एक व्यक्ति का नाम भी दिया है, जिसने अपने फेसबुक अकाउन्ट पर उनके खिलाफ निन्दनीय टिप्पणियाँ पोस्ट की हैं। विधिवत दर्ज कराई गई, इस शिकायत में, अचू ओमान ने कहा है कि ''आरोपी ने दुर्भावनापूर्ण तथा निन्दनीय इरादे से जनता से सोद्देश्य झूठ बोला है ताकि शिकायतकर्ता

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# जात आधारित जनगणना को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में है इंडिया

## इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता अलग-अलग बयानों में जात आधारित जनगणना करवाने का वादा कर रहे हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। एक और जहाँ आम चुनाव जल्दी होने के अपुष्ट समाचारों पर लोग विश्वास करने लगे हैं वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया जातिगत जनगणना पर चर्चा करने जा रहा है ताकि इसे चुनावी मुद्दा बनाकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया जा सकें।

22 अगस्त का मध्य प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वादा किया कि अगर लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना होगी।

सूत्रों ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सारी पार्टियाँ इस विचार का समर्थन कर रही है और इंडिया गठबंधन जनता के सामने संदेश ले जाने के लिए चर्चा के बिंदु तैयार करेगा। भाजपा और आर.एस.एस. इस प्रकार की जातीय जनगणना के खिलाफ है, क्योंकि इससे उनका हिंदुत्व का आधार कमजोर पड़ जाएगा, हालांकि वे अपनी दुविधा सार्वजनिक नहीं कर पाते।

यह दुविधा उस समय उभर कर सामने आई जब केंद्र सरकार ने कल सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार द्वारा जातीय सर्वेक्षण करवाने के निर्णय पर हलफनामा दायर किया, जिसमें कहा गया है कि केवल केंद्र सरकार ही जनगणना या उससे मिलती जुलती कार्रवाई कर सकती है।

कुछ घंटों बाद केंद्र सरकार ने नया हलफनामा दायर किया जिसमें यह टिप्पणी हटा ली गई। इसमें कहा गया है कि वह पैराग्राफ ''अनजाने में आ गया''।

विपक्ष ने तुरंत आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा कुछ घंटों में किए गए इस सुधार ने भाजपा तथा उसके द्वारा सर्वेक्षण रोकने के इरादे की पोल खुल गई है।

एक के बाद एक शपथ पत्रों ने काफी विवाद पैदा कर दिया और जद (यू) तथा उसके सहयोगी राजद ने भाजपा पर हमला बोला।

राजद के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री कार्यालय जातीय सर्वेक्षण को रोकने के लिए हरसंभव दांव आजमा रहा है। उन्होंने कहा, ''इससे यह साबित होता है कि भाजपा और संघ परिवार के लिये यह सर्वोपरि है कि इतनी बड़ी आबादी को उसके अधिकारों

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- इंडिया गठबंधन के नेताओं का मत है कि, भाजपा के हिन्दुत्व मुद्दे को जात आधारित जनगणना से ही मात दी जा सकती है।
- भाजपा एवं संघ परिवार जात आधारित जनगणना के खिलाफ है, क्योंकि वो जानते हैं कि, इससे उनका हिन्दुत्व मुद्दा कमजोर पड़ेगा, पर वे इस दुविधा को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से कतराते हैं।
- भाजपा की यह दुविधा तब जाहिर हुई, जब, बिहार सरकार के कास्ट सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में केन्द्र सरकार ने जो हलफनामा दिया था, उसे तुरंत ही वापिस ले लिया और नया हलफनामा दर्ज किया।
- भाजपा की केन्द्र सरकार ने पहले शपथ पत्र में लिखा था कि, जनगणना या ऐसी कोई गतिविधि सिर्फ केन्द्र सरकार कर सकती है। बाद में दर्ज शपथ पत्र में वह पैराग्राफ हटा लिया गया था।

## एडवोकेट नकवी अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त

जयपुर, 29 अगस्त (का.सं.)। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट नासिर अली नकवी को अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। नकवी हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में राज्य सरकार की ओर से मुकदमों में पक्ष रखेंगे। अधिवक्ता नकवी वर्ष 2008 से वर्ष 2014 तक भी अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं।

- नकवी हाई कोर्ट की जयपुर बैंच में राज्य सरकार की पैरवी करेंगे।

## राजे की अनदेखी नहीं कर सकती भाजपा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अगस्त। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की राज्य के सभी क्षेत्रों पर इतनी अच्छी पकड़ है कि भाजपा को केन्द्रीय नेतृत्व मजबूर हो गया है कि उनकी उपेक्षा न की जाए और उनकी सलाह पर प्रत्याशियों का चयन करना है।

- पूर्व प्रधानमंत्री वसुंधरा राजे की पूरे राज्य में अच्छी पकड़ है, इसलिए भाजपा नेतृत्व मजबूरन राजे की सलाह पर टिकट देने को बाध्य है।

पार्टी पहले उन सीटों पर प्रत्याशी घोषित करेगी जहां पार्टी पिछली बार हार गई थी। इन सीटों की संख्या 125 है। और सितम्बर के इनमें 50 सीटों पर 40 प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। इनमें से आधे से ज्यादा वसुंधरा राजे के करीबी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# रामेश्वर डूडी को एयर एम्बुलेंस से मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया

जयपुर। कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी की हालात में सुधार नहीं होने पर मंगलवार सुबह एयर एम्बुलेंस से जयपुर से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

मंगलवार सुबह एयर एंबुलेंस जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। एसएमएस अस्पताल से सुबह करीब साढ़े नौ बजे डूडी को बाहर लाया गया। इसके बाद डूडी को एसएमएस के डॉक्टर्स की टीम की निगरानी में जयपुर एयरपोर्ट ले जाया गया। जहां से डूडी को एयर एंबुलेंस लेकर रवाना हो गई। एयर एंबुलेंस में वेदांता के डॉक्टर्स की देखरेख में डूडी को ले जाया गया।

कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी को एयरपोर्ट पर ले जाने से पहले ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एसएमएस अस्पताल से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इस दौरान एसएमएस अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। साथ ही एसएमएस अस्पताल में भारी संख्या में डूडी के समर्थकों का जमावड़ा दिखा। वहीं केबिनेट मंत्री बीडी कल्ला और पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा सहित कई कांग्रेसी नेता एसएमएस अस्पताल में मौजूद रहे। इससे पहले सोमवार रात को सीएम गहलोत एसएमएस अस्पताल पहुंचे थे। गौरतलब है कि रामेश्वर डूडी की रविवार सुबह तबीयत बिगड़ी थी। जिसके बाद उन्हे मानसरोवर के मंगलम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उन्हें एसएमएस अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। जहां ब्रेन हेमरेज की वजह से उनकी सर्जरी की गई। इसके बाद उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। कोई खास सुधार नहीं हुआ।

उन्हें ऑपरेशन के 42 घंटे बाद भी होश नहीं आया है। परिजनों के कहने पर एसएमएस अस्पताल प्रशासन की ओर से ट्रीटमेंट नोट बनाकर सोमवार को मेदांता अस्पताल भेजा था। जिसके बाद मंगलवार सुबह डूडी को मेंदाता अस्पताल के लिए एयर एंबुलेंस से रैफर कर दिया गया।



जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल से रामेश्वर डूडी को मंगलवार को गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले सास-ससुर और पति को उम्रकैद

जयपुर, (का.सं.)। महिला उत्पीड़न और दहेज प्रकरण मामलों की विशेष अदालत महानगर द्वितीय ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले अभियुक्त सास-ससुर किशनलाल साहू और तारा देवी के साथ ही पति गौरीशंकर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर कुल तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी आशा चौधरी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्तों ने मृतका को दहेज के लिए इतना प्रताड़ित किया कि उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अभियुक्तों का कृत्य माफी योग्य नहीं है। ऐसे में उनके प्रति किसी तरह की नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पूजा का विवाह 20 सितंबर, 2020 को गौरीशंकर के साथ हुआ था। दोनों का यह दूसरा विवाह था। विवाह के बाद से ही अभियुक्त उसे कम दहेज लाने के लिए प्रताडित करते थे। जिसके चलते उसने 23 अप्रैल 2021 को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को भाजपा अनुशासन समिति ने दिया नोटिस

## केंद्रीय मंत्री पर टिप्पणी करने पर पार्टी ने सख्ती दिखाते हुए दिया नोटिस

■ नोटिस मिलेगा तो जवाब दिया जाएगा : पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मेघवाल

जयपुर। भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से मैदान में उतर गई है। इसी के साथ ही अब एक-दूसरे नेताओं पर बयान बाजी भी शुरू हो गई है। इसी बयान बाजी पर लगाम लगाते हुए भाजपा की अनुशासन समिति ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल को नोटिस जारी किया और 10 दिन में जवाब मांगा। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि अभी तक नोटिस के बारे में मुझे जानकारी मिली है, अभी तक नोटिस प्राप्त नहीं हुआ। मेघवाल ने कहा की नोटिस मिलेगा तो जवाब दिया जाएगा।

भाजपा मिशन 2023 फतह मिशन को लेकर मैदान में उतरी भाजपा के लिए उनके नेता के बयान ही मुश्किल बनते दिख रहे हैं। हालांकि चुनावी मैदान में पार्टी में पूरी तरह से चौसर बिछा दी है और इस बीच मोहरे भी पार्टी ने अलग-अलग सेट किए थे, लेकिन इस बीच परिवर्तन यात्रा में बदलाव और फिर अब जब ठीक परिवर्तन के शुरू होने से पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का बयान, हालांकि पार्टी के अनुशासन समिति ने मेघवाल को नोटिस जारी करते हुए इस बयान पर जवाब भी मांगा है और साथ ही चेतावनी भी दी है कि आखिरकार क्यों ना उनके खिलाफ पार्टी के अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाए। मेघवाल को इस नोटिस का 10 दिन में जवाब देना है, लेकिन चुनावी बॉर्डर पर खड़ी पार्टी के लिए मेघवाल का यह बयान कई मायनों में सियासी हलचल पैदा कर चुका है। वही इस बयान से भारतीय जनता पार्टी भी एक कदम बैकफुट पर खड़ी नजर आ रही है। आपको बता दें कि कैलाश मेघवाल अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते आए हैं। फिर चाहे पार्टी के सत्ता में रहते बयान दिए हो या फिर विपक्ष की भूमिका में मेघवाल गहलोत सरकार के सियासी संकट के दौरान भी सरकार के समर्थन में खड़े होते हुए नजर आए थे। मेघवाल इस बार अपनी ही पार्टी के केंद्रीय मंत्री के खिलाफ बयान बाजी की है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल पर सीधा हमला बोलते हुए मेघवाल ने भ्रष्टाचार के आरोप जड़े थे। देखा जाए तो मेघवाल को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की खेमे का माना जाता है और अब इस बयान को मिशन 2023 से जोड़कर सीधा-सीधा देखा जा रहा है।

# जयपुर में बम विस्फोट की साजिश रचने वाले दो आतंकी गिरफ्तार

■ एन.आई.ए. ने दोनों आतंकियों को पुणे से दबोचा

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर में बम विस्फोट की साजिश रचने वाले दो आतंकियों इमरान खान और यूनुस साकी को नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को इन्हें जयपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। यहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। अब 1 सितंबर को कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी।

मध्य प्रदेश के रतलाम में रहने वाले इन आरोपियों की तलाश पिछले साल मार्च से ही थी। जांच एजेंसी ने दोनों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। ये दोनों शातिर आरोपी बम बनाने में माहिर हैं और आईएसआईएस से प्रेरित संगठन सूफा के सक्रिय सदस्य हैं। एनआईए का कहना है कि पुणे (महाराष्ट्र) के कोथरुड़ इलाके में इमरान खान व यूनुस बम बनाने की ट्रेनिंग दे रहे थे। गत 18-19 जुलाई की रात करीब 3 बजे पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। कोथरुड़ (पुणे) इलाके से इमरान और यूनुस को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शुरुआती पूछताछ में दोनों पर शक गहराया। इसके बाद पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली। यहां से एक लाइव राउंड (जिंदा कारतूस), 4 मोबाइल, लैपटॉप बरामद हुए। पूछताछ में सामने आया कि इमरान खान और यूनुस साकी एनआईए का वांटेड हैं। इसके बाद पुणे पुलिस ने जांच एजेंसी को सूचित किया। एनआईए ने दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर पुणे से सोमवार को गिरफ्तार किया और जयपुर लेकर आए। मार्च-2022 में चितौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में जुबेर, अल्तमश शेरानी और सैफुल्ला विस्फोटक और बम बनाने की सामग्री के साथ पकड़े गए थे। इनके साथी इमरान और यूनुस यहां से फरार हो गए थे। जयपुर से करीब 10 किलोमीटर पहले विस्फोटक को जमीन में दबाकर रखने की प्लानिंग थी लेकिन वारदात से पहले खुलासा हो गया।

## अब पार्ट टाइम कार्मिकों को भी मिलेंगे सेवानिवृत्ति परिलाभ

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। इसमें राजस्थान पार्ट टाइम कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स-2023 का अनुमोदन, जयपुर में जेम बोर्स की स्थापना तथा विभिन्न संस्थाओं को भूमि आवंटन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। साथ ही, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड का नाम अमृता देवी राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड करने का भी फैसला किया गया है।

मंत्रिमंडल ने राजस्थान पार्ट टाइम कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया है। इसमें पार्ट टाइम कार्मिकों को सेवा समाप्ति पर 2 से 3 लाख रुपए तक का आर्थिक सहायता पैकेज मिलेगा।

# आमेर में हजारों महिलाओं ने डॉ. सतीश पूनिया को राखी बांधी



आमेर शहर में आयोजित 'कमल राखी संगम' कार्यक्रम में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को महिलाओं ने राखी बांधी।

जयपुर। आमेर शहर में आयोजित 'कमल राखी संगम' कार्यक्रम में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को हजारों की संख्या में पहुंचीं माता-बहनों ने राखी बांधकर भाजपा के विजय संकल्प का आशीर्वाद दिया और मुस्लिम बहनों ने भी राखी बांधकर अपार स्नेह और आशीर्वाद दिया।

सतीश पूनियां ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर के लिये जब तक बीसलपुर की योजना मंजूर नहीं हो गई तब तक मैंने सरकार और मंत्री का पीछा नहीं छोड़ा था, 2017 में यह मंजूर हुई, 2019 में इसको पूरा होना था, सरकार बदल गई और कांग्रेस सरकार की नीयत भी बदल गई। आमेर की 65 प्रतिशत आबादी को बीसलपुर का पानी मिलता है, केवल तीन चार महीने की बात है, यह कांग्रेस सरकार कितनी ही उदासीनता कर ले, लेकिन आमेर के हर घर तक पानी पहुंचे यह मेरी कोशिश है, इस काम को हम भाजपा की सरकार बनने पर प्राथमिकता के साथ पूरा करेंगे, इसके लिये संकल्पित हूं।

यहां सड़कें बदहाल थीं, हमने आमेर विधानसभा क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये के बजट से सड़कें बनाई, लेकिन कांग्रेस शासन में आमेर के साथ भेदभाव हुआ है।

## मेडिकल रिपोर्ट देखकर दिए नियुक्ति के आदेश

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने वन रक्षक भर्ती-2020 में अभ्यर्थियों की ऊंचाई और सीने की नाप को लेकर एसएमएस मेडिकल कॉलेज से आई रिपोर्ट को देखकर अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश कुलदीप शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने वन रक्षक के 1041 पदों की भर्ती के लिए आवेदन मांगकर भर्ती प्रक्रिया शुरू की। जिसमें लिखित परीक्षा पास करने के बाद याचिकाकर्ताओं की दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें याचिकाकर्ताओं की ऊंचाई और सीने की नाप लेने के दौरान गड़बड़ी करते हुए कम उनकी नाप ली गई। इसके चलते उन्हें चयन से वंचित कर दिया गया। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सभी अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा नियमानुसार ही ली गई है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पूर्व में आदेश जारी कर एसएमएस मेडिकल कॉलेज को आदेश दिए थे कि वह याचिकाकर्ताओं की शारीरिक दक्षता का पुनः परीक्षण करे। जिसकी पालना में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बोर्ड ने याचिकाकर्ताओं की शारीरिक दक्षता का परीक्षण कर अदालत में अपनी सीलबंद रिपोर्ट पेश की।

## एसआई को दस साल की कैद

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने महिला एसआई से मारपीट और दुष्कर्म करने के अभियुक्त बर्खास्त एसआई अशोक कुमार को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 51 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता में दुष्कर्म के संबंध में साक्ष्य पेश किए हैं और उसके बयानों पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। पीड़िता के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि पीडिता ने 17 अप्रैल 2018 को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# छात्र हित में फैसले ले गहलोत सरकार : कर्नल राज्यवर्धन

जयपुर। प्रदेश में युवाओं द्वारा आत्महत्या करने के मामले पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सासंद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि एक वर्ष में 5500 से ज्यादा आत्महत्या की घटनाएं चौंकाने वाली हैं। मुख्य रूप से एक ही शहर के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों का यह आंकड़ा और भी डराने वाला है। प्रदेश के कोटा शहर में जनवरी माह से अगस्त तक 24 आत्महत्याएं की घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा बात करें तो कोटा में सालाना औसतन 15 आत्महत्या की घटनाएं सामने आती हैं। प्रदेश में बेरोजगारी और कोचिंग संस्थानो के तनाव में युवाओं का अकाल मौत का शिकार होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को लाचार बनाने वाली कांग्रेस सरकार यह भूल गई कि जैसे परिवार चलाने की जिम्मेदारी परिवार के मुखिया की होती है, उसी तरह प्रदेश चलाने की जिम्मेदारी भी प्रदेश के मुखिया सीएम गहलोत की है। कोटा में हर साल 30 लाख से ज्यादा छात्र देशभर से पढ़ने आते हैं। जहां पहले कोलंबिया, अमेरिका, इंग्लैड और अन्य देशों में छात्र उच्च शिक्षा के लिये जाते थे अब यह सुविधा कोटा में उपलब्ध है। लेकिन कांग्रेस सरकार छात्रों को बेहतर वातावरण नहीं दे पा रही है। उसके बाद ऊपर से सीएम का असंवेदनशील बयान कि यदि पंखे से लटककर आत्महत्या होती है तो छात्रों के कमरे में स्प्रिंग के पंखे लगवाने चाहिए। सरकार के एक मंत्री कहते हैं कि कोचिंग इंस्टीट्यूट बैन कर देने चाहिए। कर्नल राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को हर चीज पर बैन लगाना बड़ा आसान लगता है।

## 'गंगापुर सिटी में कब्जे हटाने के लिये टीम का गठन करें'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट कें गंगापुर सिटी के महादेव मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामले पर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव और न्यायाधीश प्रवीण भटनागर द्वारा आदेश पारित किये गये हैं कि गंगापुर सिटी जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक 'टीम' का गठन किया जाए जो मंदिर की जमीन का मुआयना करे और अपनी रिपोर्ट दायर करे। इस मामले में याचिकाकर्ता महासचिव रोजगार युवा समिति एन.जी.ओ.की ओर से अधिवक्ता विमल चौधरी और उनके सहायक अधिवक्ता योगेश टेलर पेश हुए।

# गहलोत ने मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटने का इशारा किया

## ऐसे में समझा जा रहा है कि उन्होंने स्क्रीनिंग कमेटी को संदेश दिया है कि वो उनके विधायकों का ध्यान रखते हुए विशेष वरीयता दें

■ उधर सी.पी.जोशी ने भी कहा, ''मैं गहलोत का फॉलोवर नहीं, बल्कि कॉलोबरेटर, हमारे वैचारिक मतभेद''

■ अधिकांश नेता बेटों की पैरवी करके गए, लेकिन हरेंद्र मिर्धा बोले, ''अभी पार्टी मुझे टिकट दे रही है, बेटे को इंतजार करना पड़ेगा''

जयपुर, (का.प्र.)। इधर जयपुर में दो दिन से प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकर चल रही है और स्क्रीनिंग कमेटी प्रदेश चुनाव समिति तथा प्रदेश के प्रमुख नेताओं से बात कर रही है, दूसरी ओर इस दौरान जोधपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर अपने विधायकों की तरफदारी करते हुए कहा कि संकट के समय सरकार बचाने वाले, मेरा साथ देने वाले विधायकों को टिकट मिले और मैं चाहता हूं कि वो जीत कर आएं। यानी कि एक तरह से गहलोत ने इशारा कर दिया है कि मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटे जाएं।

जयपुर में स्क्रीनिंग कमेटी ने एक दिन पहले जहां प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों से बात की थी। वहीं मंगलवार को समिति ने तीन संभागों के मंत्री, विधायकों और प्रमुख नेताओं से चर्चा कर उम्मीदवारों के बारे में राय जानने का प्रयास किया।

स्क्रीनिंग कमेटी दो दिन से अपना काम कर रही है लेकिन इस बीच जोधपुर दौरे पर गए मुख्यमंत्री गहलोत ने एक ओर तो यह कहा कि कांग्रेस इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारेगी। उम्मीदवार अगर जिताऊ है तो वह चाहे जिला परिषद सदस्य हो, वार्ड पंच हो या पार्षद हो, उनको मौका मिलेगा। सर्वे की रिपोर्ट आ रही है, उस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार पर आए राजनीतिक संकट के दौरान उनका साथ देने वाले विधायकों की तरफदारी कर उन्हें फिर से टिकट दिए जाने की वकालत कर दी है। अब चुनाव निकट है, ऐसे में समझा जा रहा है कि उन्होंने स्क्रीनिंग कमेटी को भी संदेश दिया है कि वो उनके विधायकों का विशेष ध्यान रखते हुए उम्मीदवार बनाने में विशेष वरीयता दें।

जोधपुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने ही नहीं बल्कि विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने भी अपना एक पुराना बयान दोहराया और कहा मैंने जब राजनीति में करियर शुरू किया, उस समय मैं अशोक गहलोत का फॉलोअर था। उन्होंने यह भी कहा कि एक फॉलोअर होता है, एक कॉलोबरेटर और एक पार्टनर। मैं अशोक गहलोत का दोस्त नहीं हूं। मुझे अशोक गहलोत ने सरकार में जो पद दिया और काम करने का मौका दिया, इससे मेरी एक स्टेज बनी है। इनके कार्यकाल में आज मेरी जो स्थिति बनी है स्पीकर और सेंट्रल मिनिस्टर की। इसलिए मैं अपनी स्पेस कॉलोबरेटर के जैसी कर रहा हूं न कि फॉलोअर की तरह। जोशी ने कहा इसलिए हमारे व इनके बीच में विचारों का मतभेद है। फॉलोअर और कॉलोबरेटर में एक अंतर होता है। फॉलोअर अपने नेता की बात ब्लाइंडली फॉलो करता है। जबकि कॉलोबरेटर अपनी बात रख फॉलो करता है। मैं अपनी स्पेस क्रिएट कर फिर इनको लीडरशिप देता हूं, इसलिए मैं दोस्त नहीं, कॉलोबरेटर हूं।

दूसरी ओर स्क्रीनिंग समिति के सामने चर्चा करने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मिर्धा परिवार के वरिष्ठ सदस्य हरेंद्र मिर्धा से जब पूछा गया कि क्या आप भी अपने बेटे के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हैं, तो उन्होंने इससे इंकार करते हुए कहा कि अभी तो पार्टी मेरे नाम पर विचार कर रही है। ऐसे में बेटे का तो कोई सवाल ही नहीं है। मिर्धा ने कहा कि मुझे पार्टी जब टिकट ऑफर कर रही है, तो अभी पुत्र कहां से? बेटे को तो अभी वैट करना पड़ेगा। उन्होंने खुद अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मेरे पिताजी थे, तब हमने भी काफी इंतजार किया था। अब मेरे बेटे की बारी है इंतजार करने की। हरेंद्र मिर्धा ने कहा कि जब मैं चुनाव हारा, तो उसके पीछे सबसे बड़ा कारण परिस्थितियां तो थीं ही, अपनी ही पार्टी में निपटाने वाले लोग भी थे। मिर्धा ने कहा कि इस बार निपटाने वाले व्यस्त हैं, ऐसे में पार्टी जहां से मुझे टिकट देगी, मैं चुनाव जीतूंगा।

हरेंद्र मिर्धा ने जहां अपने बेटे को इंतजार करने की बात कही है, वहीं दूसरी ओर दीपेंद्र सिंह शेखावत, अमीन खान, जोहरीलाल मीणा, शांति धारीवाल, महादेव सिंह खंडेला स्क्रीनिंग समिति से मिलकर अपने पुत्र को चुनाव लड़ने की पैरवी करके गए हैं।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**रिकार्ड संभलाये जाने बाबत सूचना**

श्री मदनलाल गोधला पुत्र श्री मंगल चन्द शर्मा
म.नं. 30, के.के. पब्लिक स्कूल के सामने,
इन्द्रा नगर विस्तार योजना,
मदनगंज किशनगढ, जिला-अजमेर

जरिये विज्ञप्ति आपको सूचित किया जाता है कि आपने राजस्थान प्रादेशिक खाण्डल विप्र संगठन के नव निर्वाचित अध्यक्ष को संस्था रिकार्ड, लेखे व लेखों से सम्बन्धित वाउचर आदि आदिनांक नहीं संभलाये हैं। इस बाबत आपको दो बार रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचना भी भेजी गई, लेकिन आपने पत्र लेने से इन्कार कर दिया। अतः आप इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 15 दिवस में नव निर्वाचित अध्यक्ष को तत्समय हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन के बिल, वाउचर एवं समस्त रिकार्ड संभलायें, अन्यथा यह समझा जावेगा कि आप जानबूझकर एवं बदनियति से यह कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए आप रिकार्ड अपचरण के दोषी हैं। अतः आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(रमेश चन्द्र गोधला)
संयोजक, अनुशासन एवं जांच समिति
अखिल भारतीय श्री खाण्डल विप्र महासभा
37, हाथी बाबू का बाग, कान्तिनगर, जयपुर

राजस्थान सरकार
**कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर)**
कमरा नं. 608, पांचवी मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर
Email ID: drjpr.coop@gmail.com.in Phone No. 0141-2200836
क्रमांक- 318-19 दिनांक- 22.08.2023

**सार्वजनिक नोटिस**
(अन्तर्गत राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा-9 (1)

उन्नति क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर (पंजीयन संख्या-873/LC दि.27.02.2015 ने राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा-9 के तहत समिति के नाम में परिवर्तन करने हेतु दिनांक 16.06.2023 को समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन कर समिति का नाम उन्नति क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि.जयपुर पता-25-ए, श्याम विहार, पन्नाधाय सर्किल प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर 302033 जिला जयपुर के स्थान पर 'प्रगति क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर' पता-14-15, शिव कॉलोनी, चौधरी प्लाजा, सांगानेर, जयपुर-302029 (राजस्थान) करने का निर्णय लिया जाकर इस कार्यालय को आवेदन किया है।

अतः इस नोटिस के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस समिति के नाम व पते में परिवर्तन से किसी को कोई आपत्ति हो तो एक माह के भीतर-भीतर उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियॉं, जयपुर (शहर) के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। एक माह के पश्चात किसी प्रकार की आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सहकारी सोसायटियों के रजिस्टर में पूर्ववर्ती नाम के स्थान पर नया नाम प्रविष्ट कर रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र व पंजीकृत उपनियमों को तदनुसार संशोधित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

(उदयदीप सिंह राठौड) उप रजिस्ट्रार
सहकारी समितियॉं, जयपुर (शहर)

**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य श्री ईश्वर दास पुत्र श्री गोविन्दराम, जाति सिन्धी, उम्र 58 वर्ष, निवासी-64/394, सेक्टर-64 श्योपुर रोड, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के पुत्र कमलेश रामचन्दानी गलत संगत में पड गया है एवं उनके कहने-सुनने में नहीं है, इस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र कमलेश रामचन्दानी को अपनी जाति जिन्दगी एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरे अभिभाष्य के पुत्र कमलेश रामचन्दानी का मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति व निजी जिन्दगी से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा। यदि कोई मेरे अभिभाष्य के पुत्र कमलेश रामचन्दानी से किसी प्रकार का कोई लेनदेन या संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

(हेमराज मीना) एडवोकेट, मो. 8503871294

1392
16.8.23
**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 201/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी-नाम हेमांक टेलर S/o स्व. हनुमान टेलर जाति टेलर
विवाद स्थान-17-A संजय नगर-C, चरण नदी-2 नाडी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर (राज.)
मृतक हनुमान टेलर की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक - 21.9.2023**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम हनुमान टेलर पुत्र भगवान टेलर जाति टेलर निवासी 17-A संजय नगर-C, चरण नदी-द्वितीय नाडी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 9 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:7519 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:17.08.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 103/74 (HIG), (एरिया 120.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री गोपाल राम मुंडोतिया पुत्र श्री घीसा राम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 996 दिनांक 29.04.1993 को जारी किया गया। श्री गोपाल राम मुंडोतिया के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 20.02.1996 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री गोपाल राम मुंडोतिया की मृत्यु दिनांक 23.02.2003 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके वारिस श्री अक्षय मुंडोतिया पुत्र स्व. श्री गोपालराम मुंडोतिया एवं सुश्री प्रीति गोयल पुत्री स्व. श्री गोपालराम मुंडोतिया द्वारा उक्त आवास को अपने स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री अक्षय मुंडोतिया पुत्र स्व. श्री गोपालराम मुंडोतिया एवं सुश्री प्रीति गोयल पुत्री स्व. श्री गोपालराम मुंडोतिया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक, रा.आ. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1760 दिनांक-29.08.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 77/180 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 91.875 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री गुरु बचनसिंह पुत्र श्री सुजानसिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2188 दिनांक 04.12.1998 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 21.04.1999 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4353 दिनांक 21.11.2000 के द्वारा श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 25.09.2002 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 26.06.2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती राशि श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती राशि श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

1387
16.8.23
**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 200/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी-नाम राशि अग्रवाल W/o विनोद कुमार गुप्ता जाति महाजन
विवाद स्थान-ग्राम खेरी चरनन तहसील श्री माधोपुर जिला सीकर (राज.)
मृतक मीरा गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक - 21.9.23**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम मीरा गुप्ता D/o रामचंद्र गुप्ता जाति महाजन निवासी ग्राम पोस्ट खोरा बीसल जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 9 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

**खोया पाया**

जेडीए की स्कीम गोविन्दपुरा सांगानेर जयपुर के प्लाट नंबर एफ-1402 (डी-5280) का जेडीए से जारी आवंटन पत्र खो गया है सूचित करें। भगवान सहाय मो.-9929209979

मेरा आवास 171/52 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया हैं मिलने पर संपर्क करें-9414406021

मेरा आवास 171/51 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया हैं मिलने पर संपर्क करें-9829160019

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम हिमांशु से बदलकर हिमांशु जसवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे हिमांशु जसवानी पुत्र महेश कुमार के नाम से जाना पहचाना जाये। निवासी- बी-26, संजय कॉलोनी, पानीपेच, जयपुर

मैं 14661715-ए हवलदार दयाराम पुत्र रूघाराम 24, Grenadiers C/o 56 APO (EME RECORD SECUNDERBAD) निवासी गांव घाणामंगरा पोस्ट भावी तहसील बिलारा, जोधपुर राज. 342605 मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम कुमारी खुशबू गलत दर्ज है सही नाम खुशबू शपथ पत्र BS 308771 दिनांक 29.08.2023 जयपुर

I have changed my name from Rinky Choudhary to Rinky Chaudhary for all purpose R/o 356 Himmat Nagar Gopalpura Mode Tonk Road, Jaipur.

I have changed my name Kailash Chand to Kailash Saini S/o Brajmohan Saini for all purpose. R/o Rajgarh (Alwar)

I have changed my name from Mohit Shah to Mohit Kumar Jain S/o Ashok Kumar Jain for all purpose. Resi. Ward No. 11, Nawa Nagaur-341509

I Prem Chand Harsh S/o Basant Kumar Harsh, 2032, Pitaliyon ka chowk, Johari Bazar, Jaipur 302003 pledge that both (PREM HARSH) and (PREM CHAND HARSH) are my own names, In future I should be known and recognized by both the above names.

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की बैठक में नहीं पहुंचे महापौर मुनेश गुर्जर की बर्खास्तगी मांगने वाले 37 पार्षद

## गिने-चुने पार्षदों को देखकर जिलाध्यक्ष आर.आर.तिवाड़ी ने चेताया ''जल्द ही दुबारा बैठक बुलाई जाएगी, जो कांग्रेस पार्षद नहीं आएंगे उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी''

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम में ''महापौर'' की कुर्सी का घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक तरफ मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक अमीन कागजी और रफीक खान के समर्थक 37 पार्षद, मुनेश गुर्जर को महापौर पद से बर्खास्त करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग उठा रहे हैं, वहीं उपमहापौर असलम फारूकी समेत करीब 19 पार्षद मुनेश गुर्जर के समर्थन में अड़े हुए है।

इसी बीच मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी ने अपने कार्यालय में कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई। मजेदार बात यह हुई कि जो 37 पार्षद मुनेश गुर्जर की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी के लिए सीएम हाऊस व पीसीसी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, वह पार्षद इस बैठक में नहीं पहुंचे। जबकि मेयर मुनेश गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूकी, वरिष्ठ पार्षद उमरदराज समेत कांग्रेस के 19 पार्षद इस बैठक में शामिल हुए। जिनमें आयशा सिद्दीकी, अंजलि ब्रह्मभट्ट, भूपेंद्र मीना, जमीला बेगम, अख्तर हुसैन, रोहित कुमार चावरिया, मोहम्मद फरीद कुरेशी, अब्दुल वहीद, सलमान मंसूरी, शबनम खान, जाहद निर्माण, अफजल महबूब, हनुमान गुर्जर, जाहिदा बानो, राणा वाशिम, नेमी व सुनीता महावर शामिल रहे।

बताया जा रहा है कि यह बैठक पार्षदों की समस्याएं सुनने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में कांग्रेस के 37 से ज्यादा पार्षदों की अनुपस्थिति जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर.आर.तिवाड़ी को बुरी लगी।



कांग्रेस जयपुर शहर जिलाध्यक्ष आर.आर.तिवाड़ी ने मंगलवार को हैरिटेज निगम के कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई, लेकिन अधिकांश पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे।

बैठक में कांग्रेस पार्षदों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी ने कहा कि जल्द ही दुबारा बैठक बुलाई जायेगी, जो पार्षद इस बैठक में नहीं पहुंचेंगे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी लाइन के ऊपर कुछ नहीं है। सूत्रों की मानें तो सिविल लाइंस क्षेत्र से महापौर मुनेश गुर्जर द्वारा विधायक पद पर दावेदारी ठोकने के बाद उनकी गिरफ्तारी और बर्खास्तगी का मुद्दा पुरजोर उठने लगा है।

दरअसल मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर को एसीबी ने 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए दो दलालों अनिल दुबे व नारायण सिंह के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को महापौर पद से निलंबित किया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए मुनेश गुर्जर स्टे लेकर पुनः मेयर की कुर्सी पर आ गई। इतना ही नहीं उन्होंने सिविल लाइंस क्षेत्र से विधायक पद की दावेदारी भी ठोकी। जिसके बाद अचानक मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर कांग्रेस के पार्षदों की बैठक बुलाई गई।

- **मजेदार बात यह है कि कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाने का अधिकार पार्टी जिलाध्यक्ष आर.आर.तिवाड़ी का था, इसके बावजूद मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने पिछले दिनों अपने आवास पर 37 पार्षदों की बैठक बुलाई, जिसके बाद महापौर मुनेश गुर्जर की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी की मांग पुरजोर उठी**
- **उस बैठक में किशनपोल विधायक अमीन कागजी और आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी अपने विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस पार्षदों के साथ मौजूद थे, जबकि जलदाय मंत्री महेश जोशी और उनके क्षेत्र के पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे थे**
- **सवाल यह उठने लगा है कि प्रताप सिंह, अमीन कागजी व रफीक खान के बुलाने पर पहुंचने वाले 37 पार्षदों ने अब आखिर किसके कहने पर पार्टी जिलाध्यक्ष का आदेश दरकिनार किया?**

इस बैठक में कांग्रेस विधायक अमीन कागजी व रफीक खान और उनके समर्थक पार्षद भी पहुंचे। तीनों मंत्री-विधायकों के 37 पार्षदों ने बैठक से निकलने के बाद महापौर मुनेश गुर्जर को भ्रष्टाचारी बताते हुए उनकी गिरफ्तारी और बर्खास्तगी का मुद्दा उठाया। यह 37 कांग्रेस पार्षद पिछले दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने के लिए सीएम हाऊस भी पहुंचे, लेकिन वहां उनकी मुलाकात गहलोत से नहीं हो सकी। इसके बाद पीसीसी पहुंचकर इन पार्षदों ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को शिकायत की।

अब सवाल यह उठने लगा है कि कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाने का अधिकार तो जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी का था, फिर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक अमीन कागजी व रफीक खान ने क्या अपने स्तर पर ही पार्षदों की यह बैठक बुलाई थी।

इससे भी बड़ा सवाल यह बन गया है कि इन 37 पार्षदों को बैठक में शामिल होने से किसने रोका, क्या यह पार्टी जिलाध्यक्ष को सीधे आंखे दिखाने का प्रयास था।

# कैब चालक की हत्या करने वाले दो आरोपी दबोचे, बाल अपचारी निरुद्ध

**जयपुर**। महेश नगर थाना इलाके में कैब चालक ड्राइवर ब्लाइंड मर्डर व लूट का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी निरुद्ध किया है। पुलिस ने लूटी गई स्विफ्ट कार बरामद कर ली है। गौरतलब है कि 18 अगस्त को कैब ड्राईवर स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के साथ गायब हो गया था।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि महेश नगर इलाके में 18 अगस्त को कैब चालक श्रीचंद मीणा की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। मामला दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो सामने आया की 18 अगस्त को खाटूश्याम जी जाने के लिए ऑफ लाइन बुकिंग के लिए फोन आया था। टीम ने रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें श्रीचंद गाड़ी के साथ खाटूश्याम जी जाना पाया गया।

पुलिस ने संदिग्ध मोबाइल नम्बरों की पड़ताल की तो उसमें अजय मीणा (22) बृजराजपुरा कोटखावदा निवासी जयपुर से सम्पर्क होना पाया गया। पुलिस ने अजय मीणा को दस्तयाब कर पूछताछ की तो अजय ने बताया कि गुमशुदा कैब चालक श्री चंद को गोविंद उर्फ गोपी, अशोक (21) काशीपुरा उर्फ रिंकू कोटखावदा निवासी , सूरज उर्फ गोरी शंकर व एक किशोर बालक ने 18 अगस्त की रात को खाटू श्याम जी जाने के लिए ऑफ लाइन बुक किया था। लेकिन कैब चालक को बीच रास्ते में ही तौलिए से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद लाश को खातीपुरा व कानोता के बीच रेलवे ट्रेक पर डाल दिया और कार लेकर चले गए। पुलिस फरार चले रहे गोविंद उर्फ गोपी मीणा व सूरज उर्फ गोरी शंकर की तलाश में जुटी है।



महेश नगर पुलिस ने कैब चालक की हत्या में लिप्त बदमाश पकड़ा।

# कार सवार बदमाशों ने युवक का अपहरण कर रंगदारी वसूली

## पिस्तौल की नोंक पर परिचितों से 70 हजार रु. ऑनलाइन मंगवाए

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में बदमाशों ने एक स्टूडेंट का अपहरण कर रंगदारी वसूली। पिस्तौल के दम पर चलती गाड़ी में नकाबपोश बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। मोबाइल में गलत काम करने की बुलवाकर वीडियो बनाया। परिचितों से ऑनलाइन 70 हजार वसूलने के बाद जंगल में छोड़कर बदमाश फरार हो गए। किडनैपर्स के चुंगल से छूटने पर पीड़ित ने शिप्रा पथ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि अकबरपुर थाना श्री महावीरजी (करौली) निवासी राजेश कुमार गुर्जर (29) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह महारानी फार्म शिप्रा पथ में किराए से रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा है। गत 26 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे वह पैदल गायत्री नगर-फर्स्ट स्थित लाइब्रेरी में जा रहा था। महारानी फार्म पुलिया के पास रोड क्रॉस करते समय एक लड़का मिला। उसने खुद के पैर में दर्द होना बताकर पानी की बोतल लाकर देने की बात कही। तभी पीछे से तेजी से बोलेरो गाड़ी आकर उसके पास रुकी। उसमें बैठे नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के दम पर उसे गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में ड्राइवर सहित 7 बदमाश थे, जो उसे अपहरण कर जयपुर से बाहर ले गए। आरोपियों ने

- **युवक का अपहरण करने के बाद बदमाशों ने चलती कार में उससे मारपीट की, रकम वसूलने के बाद लालसोट-कोथून के जंगल में छोड़ा**

चलती गाड़ी में उसके साथ जमकर मारपीट की। मोबाइल से वीडियो बनाया और कहवाया कि ''मैं चोरी करता हूं। उल्टा-सीधा काम करता हूं।'' इसके बाद पिस्तौल लगाकर परिचितों से रंगदारी के रुपए मंगवाने का दबाव बनाया।

बदमाशों ने कहा कि कोई पूछे तो उसे हॉस्पिटल में बताना। कुछ बोला तो गोली मार देंगे। डर के मारे कहे अनुसार दोस्त से 50 हजार और बड़े भाई से 20 हजार ऑनलाइन बैंक खाते में मंगवाए। बदमाशों ने फोन-पे स्कैन कर बैंक अकाउंट से रुपए निकाल लिए। रुपयों के साथ ही उसका मोबाइल भी लूट लिया। उसे लालसोट-कोथुन के जंगल में छोड़कर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के चुंगल से छूटने के बाद वह बस में बैठकर जयपुर आया। दोस्त के मोबाइल से घरवालों को आपबीती सुनाई। रविवार दोपहर शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को ढूंढ रही है।

# रेलवे स्टेशन पर बच्ची मिली

**जयपुर** । सांगानेर रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम एक नवजात बच्ची पड़ी मिली। बच्ची के मिलने के बाद स्टेशन पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची मालपुरागेट थाना पुलिस ने बच्ची को अपने कब्जे में लेकर जेके लॉन अस्पताल भिजवाया। जहां से प्राथमिक जांच करने के बाद नवजात को चाइल्ड केयर में भेज दिया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रेलवे स्टेशन अधीक्षक महेश कुमार मुहाना निवासी ने मामला दर्ज कराया है कि रविवार देर शाम प्लेटफॉर्म नम्बर-1 की फेंसिंग के पास नवजात बच्ची के रोने की आवाज आई ,तभी प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे लोगों का ध्यान बच्ची के रोने की आवाज पर गया। वहां जाकर देखा तो कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को स्टेशन अधीक्षक के ऑफिस से लेकर जेके लोन अस्पताल भिजवाया ।जहां पर उसकी प्राथमिक जांच के बाद चाइल्ड केयर में भेज दिया गया।

# जयपुर फुट आज पूरी दुनिया में जाना जाता है : सिंघवी

**जयपुर,** (का.सं.)। विकलांगों के पुर्नवास की विश्वको सबसे बड़ी संस्था और विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) ने अब तक देश-विदेश के 22 लाख विकलांगों का पुर्नवास कर लिया हैं।

बी.एम.वी.एस.एस. ने देश भर से अपने विभिन्न 33 केन्द्रों द्वारा वर्ष 2022-23 में 90 हजार विकलांगों का पुर्नवास किया है। संस्था अब देश को विकलांग मुक्त देश बनाने की ओर कार्य करेंगी।

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) की यहाँ दो दिवसीय बैठक में देश भर की 33 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का उद्घाटन उच्चत्तम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और बी.एम.वी.एस.एस. के मुख्य संरक्षक गणपत सिंह सिंघवी ने किया। सिंघवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब मानव सेवा के क्षेत्र में बी.एम.वी.एस.एस. ने विश्व भर में अपने कार्य से छाप छोड़ी हैं। उन्होंने कहा कि डी.आर. मेहता के नेतृत्व में आज संस्था विश्व व्यापी हो गई हैं और जयपुर फुट आज पूरी दुनिया में जाना जाता हैं। सिंघवी ने कहा कि संस्था ने 48 देशों में शिविर का आयोजन किया हैं और हजारों विकलांगों को चलने-फिरने योग्य बनाया है। दो दिवसीय बैठक में बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि 48 वर्ष पूर्व सीमित साधनों से आरम्भ हुई बी.एम.वी.एस.एस. नई गुणवत्ता बढ़ाकर विकलांगों की बेहत्तर सेवा की ओर अग्रसर हैं। डी.आर. मेहता ने बताया कि बी.एम.वी.एस.एस. ने नक्सल क्षेत्र में सेवा के सहयोग से आम नागरिकों के पुर्नवास के लिए शिविर लगाए। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सतीश मेहता, डॉ. दीपेन्द्र मेहता, भूपेन्द्र राज मेहता (सचिव), डॉ. एम.के. माथुर और डॉ. पूजा मुकुल ने जानकारी दी। बैठक में 33 केन्द्रों के प्रतिनिधियों ने तकनिकी जानकारी दी।

- **भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने अब तक देश-विदेश के 22 लाख विकलांगों का पुनर्वास किया**

# डकैती की योजना बना रहे 4 बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 दुपहिया वाहन और दो धारदार छुर्रे जब्त किए



मुहाना थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को मंगलवार को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** । मुहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से 11 दुपहिया वाहन और दो धारदार छुर्रे जब्त किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित चोरी के दुपहिया वाहनों से डकैती की योजना थी। लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने डकैती की योजना कर रहे आरोपित अजय धाकड (25)निवासी बयाना जिला भरतपुर,अनिल कश्यप (26) निवासी मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल ज्योति नगर जयपुर, नरेश कीर (21)निवासी रायथल जिला बूंदी और पहलवान कीर (19) निवासी नैनवा जिला बूंदी को जो मुहाना मंडी के चार नंबर गेट से गिरफ्तार किया गया है। जो मुहाना गांव में स्थित बैंक में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। वहीं दिलखुश कीर निवासी घाड जिला टोंक,कमल मेहरा निवासी नैनवा जिला बूंदी और गिरिराज कीर निवासी हिंडोली जिला बूंदी फरार चल रहे है, जिनकी तलाश की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त (मानसरोवर) जयपुर अभिषेक शिवहरे ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग का सरगना अजय धाकड अपने अपराधियों साथियों से साथ मिलकर चोरी की मोटरसाइकिल से मुहाना थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बनाई थी। जो डकैती कर चोरी की मोटरसाइकिल से फरार होने वाले थे। वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देकर मोटरसाइकिल चोरी कर सुनसान जगहों पर छिपा देते है। इसके बाद चोरी के वाहनों को स्थानीय बाजार में कम दाम पर बेच देता। सभी आरोपी नशे करने के आदी नशे के लिये चोरी की वारदात को अंजाम देते है । आरोपियों ने मुहाना, मानसरोवर, सांगानेर सदर एवं शिवदासपुरा क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। गैग से सरगना अजय धाकड के विरुद्ध पूर्व में चोरी व नकबजनी के 18 प्रकरणों तथा आरोपी अनिल चोरी के 05 प्रकरणों में गिरफ्तार हो चुका है।

## सार-समाचार

### इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में झांकी सजाई



**जयपुर**। इच्छा पूर्ण महादेव मंदिर कटारिया मार्ग रामनगर सोडाला में हर वर्ष की भांति भगवान शिव का पंचामृत और मंत्रोंचचार के साथ जलाभिषेक करके भव्य श्रृंगार व महाआरती की गई इसके बाद बाबा भोलेनाथ को भोग लगाकर अच्छी वर्षा व सभी स्वस्थ रहने की कामना की गई। सभी श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शनों का लाभ उठाया बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार हनुमान सैनी, बृजेश सैनी, हिमांशु कटारिया, मुकेश कटारिया, गणेश सैनी, विजेंद्र सैनी, देवेंद्र सैनी, श्यामबाबू सैनी, देबू कटारिया,अन्य के सहयोग से किया गया।

### डॉ. रितु सक्सैना सम्मानित



**जयपुर**। डॉ. रितु सक्सेना को 20 अगस्त को उनकी सेवा, कर्मठता, समर्पण, आदित्य शोध कार्य हेतु समाज रत्न पुरस्कार-2023 राजस्थान जन मंच ट्रस्ट और परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति की ओर से रविवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में सम्मानित किया गया है। संस्था द्वारा 419 में से 26 विभूतियों को सम्मानित किया गया है। बताया जा रहा है कि 10 हजार से अधिक लोगों को निःशुल्क कार्य शाला के माध्यम से हॉलिस्टिक डेवलोपमेन्ट एवं डिजिटल जागरूकता के लिये अपनी सेवाएं दे रही है।

### राखी बांध पशु संरक्षण का वचन मांगा



**जयपुर** (कासं)। पशु प्रेमियों ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पुलिस को राखी बांधकर बेजुबान पशु-पक्षियों पर होने वाले अत्याचारों के मामलों में सख्त कार्रवाई की मदद का वचन मांगा है। कार्यक्रम आयोजक मरियम अबु हैदरी ने बताया कि ''जानवरों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, और अक्सर हमें पुलिस का सहयोग पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। रक्षाबंधन का यह त्यौहार पुलिसकर्मियों से मूक जानवरों की रक्षा का वचन मांगना है। ताकि पशुप्रेमियों को न्याय और सुरक्षा की लडाई में पुलिस की मदद मिले।

### डॉ. आर.पी.मीणा अध्यक्ष बने



**जयपुर** । श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर पी मीणा को मुंबई में आयोजित चेस्ट फिजिशियन की नेशनल कॉन्फ्रेंस ब्रोंकोकोन सिल्वर में इंडियन एसोसिएशन ऑफ ब्रोंकोलोजी का प्रेसिडेंट चुना गया है। डॉ मीणा ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में उपाधीक्षक के पद कार्यरत है।

### हाईकोर्ट के स्थापना दिवस पर बधाई

**जयपुर,**(का.सं.)। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयन्ती समारोह समिति के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एल.सी. असवाल ने कहा कि 29 अगस्त 1947 को ''संविधान प्रारूप समिति'' का गठन कर डॉ. अम्बेडकर को अध्यक्ष बनाया गया था, उसके साक्षी थे - पण्डित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, राजाजी आदि लोग बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के साथ में साक्षी थे। इस ऐतिहासिक 29 अगस्त 1947 के दिन से बाबा साहेब ने संविधान प्रारूप समिति की अध्यक्षता कर ''संविधान पोथी'' का लेखन शुरू किया। उसी संविधान से आज यह भी एक संयोग है कि 29 अगस्त 1954 को संविधान के अनुक्रम में ही राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना हुई थी और आज राजस्थान उच्च न्यायालय का स्थापना दिवस है, बहुत-बहुत शुभकामनाएं। असवाल ने कहा कि संविधान नहीं होता तो दलित, महिला, काश्तकार एवं युवाओं का क्या हाल होता, यह एक विचारणीय प्रश्न है ?

### सितम्बर में होगा जयपुर कला समागम

**जयपुर,** (का.सं.)। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों, शिल्पियों, फोटोग्राफरों, रंगकर्मियों के लिए पिंकसिटी में 'जयपुर कला समागम' का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सितम्बर, 2023 में प्रस्तावित समागम के लिए 3.10 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। यह राशि राजस्थान ललित कला अकादमी के पी.डी. खाते में हस्तांतरण की जाएगी। गहलोत की स्वीकृति से समागम में राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी, 7-7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कलाकार व मूर्तिकार शिविर, राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी, राष्ट्रीय कला संगोष्ठी और 3 दिवसीय सांस्कृतिक समागम का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट वर्ष 2023-24 में जयपुर कला समागम के आयोजन के लिए घोषणा की गई थी।

### दोस्त ने की थी युवक की हत्या

**जयपुर** । गलता गेट थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में आरोपी दोस्त को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपित रवि कुमार कश्यप (26) गांव ताड़ जिला शामली (यूपी) का रहने वाला है। आरोपित अपने साथी मजदूरों सहित बजरंग कॉलोनी में स्थित एक मकान में तीसरी मंजिल पर रहता है। घटनाक्रम के अनुसार 25 अगस्त की रात रिश्तेदार से शराब के लिए रूपए मांगने पर मृतक वीर बहादुर से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपी रवि ने वीर बहादुर को तीसरी मंजिल से नीचे धक्का दे दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर** । शिप्रापथ इलाके में एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया जिला सवाई माधोपुर हाल इलाके निवासी 36 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि राकेश और लक्ष्मण 24 अगस्त की शाम गोपालपुरा बायपास स्थित एक मकान में ले गए। यहां उसे कमरे में बंधक बना लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं हरमाड़ा क्षेत्र में काम दिलवाने के बहाने एक महिला की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया जिला नीमकाथाना निवासी 44 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि विनोद गुर्जर काम दिलवाने के बहाने 27 अगस्त को जयपुर ले आया। यहां इलाके स्थित एक मकान में दुष्कर्म किया। अब मारपीट कर रूपए मांग रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### स्कूल में नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़

**जयपुर** । करधनी इलाके में स्कूल टीचर के खिलाफ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों नाबालिग बच्चियों से घटना को लेकर पूछताछ की। इसके बाद टीचर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। घटना करधनी थाना इलाके की है। पुलिस ने बताया कि करधनी इलाके में एक टीचर कैलाश गुर्जर के खिलाफ बच्चियों के पिता ने शिकायत दी है। छेड़छाड़ से बच्चियां इतनी अधिक परेशान है कि उन्होंने स्कूल जाना तक छोड़ दिया। बच्चियों ने पिता को कारण बताया कि स्कूल में जियोग्राफी के टीचर कैलाश गुर्जर सीढ़ियों और क्लास में उनके साथ छेड़छाड़ करते हैं। इसकी शिकायत बच्चियों ने कई बार स्कूल प्रशासन से भी की। इसके बावजूद स्कूल प्रशासन के इस विषय में कोई एक्शन नहीं लिया। स्कूल प्रशासन के एक्शन नहीं लेने पर बच्चियों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया। पिता ने स्कूल टीचर के खिलाफ छेड़छाड़ और बैड टच करने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने घटना की गम्भीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज की गई। बच्चियों के 164 के बयान जल्द दर्ज कराए जाएंगे। इसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ेगी। स्कूल प्रशासन से भी इस विषय को लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस स्कूल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।



## Frankenstein Day

Frankenstein recounts the story of Victor Frankenstein, a scientist who experiments with the creation of a human-like creature. This tale is considered the predecessor of modern-day science fiction. In the novel, the creature who is rejected by everyone does not actually have a name. However, it is called Frankenstein in modern culture after the creator. Despite everyone believing that Frankenstein is a monster, he is an emotional and intelligent being who simply wants to be accepted by others. There are a lot of people that can relate to this in some way or another.



#FOOD-TALK

# Kuch Meetha Ho Jaaye!

Raksha Bandhan, a cherished festival that celebrates the bond of love and protection between siblings, calls for a joyous and sumptuous feast.

Raksha Bandhan, an auspicious occasion that celebrates the unique bond of sibling love, is just around the corner. This year, the festival will be celebrated with great zeal and enthusiasm on August 30 and 31st. When it comes to Indian festivals, the grand feast and traditional delicacies are an integral part and no occasion is complete without savouring mouth-watering meals.

To make this RakshaBandhan extra special, here's a list of some mouth-watering dishes. So put on your chef's hat and get ready to treat your sibling to a hearty lunch.

## Kheer- The sweet love affair



**Indian** Kheer, known as Rice Pudding internationally, is the best love affair one can have with sweets. Any festival without a bowl of delicious mouthwatering Kheer garnished with dry fruits is incomplete


### Kheer Variety

The dish is traditional and has a long history, but with time Kheer has evolved with the help of multiple modifications, which are as follows-

- Dates Apple Kheer
- Rava Kheer
- Maple Kheer
- Apple Jowar Kheer and more.

But no matter how modified Kheer gets, the simple Indian kheer prepared with rice, milk, and dry fruits is unbeatable. This Raksha Bandhan, you should serve a delicious bowl of love and affection filled with wholesome Kheer and spread love and joy.

## Halwa Hai Kya!



**After** the festive lunch, you rush to your mother and ask her, "Halwahaikya?"

Yes! That is the kind of relationship we have with Halwa. A festival is incomplete without a bowl of good Halwa. It is in the list and amongst the top 7 Traditional Food Ideas for RakshaBandhan because it is super delicious and made at every Indian Home!!

Halwa garnished with Kaju and Badam is like a small piece of heaven served to you. It is the best homemade dessert which is easy and tasty. A good bowl of Halwa can blow your guests' minds during the Rakhi festival.

### Halwa Varieties

There are so many Halwa to choose from that it becomes very complicated! What is your favourite Halwa?

- GajarKaHalwa
- Moong Dal Halwa
- RavaKesariHalwa
- BadamHalwa
- BesanHalwa
- Pineapple KesariHalwa
- LaukiHalwa
- RagiHalwa
- Apple Halwa and more

Which Halwa are you going to try this Raksha Bandhan?

## Malpua Over Rabri



**Malpua** is one of India's oldest desserts and is massively popular. The dish is as simple as fried pancakes dipped in sugar syrup, and this traditional cuisine has lip-smacking flavours.

The corners' crispness and soft texture in the core of the malpua make it an exciting Raksha Bandhan recipe. It is a go-to sweet dish for family gatherings during festivals, especially Rakhi.


### Malpua Varieties

Malpua has many variations other than the traditional ones, which are like these-

- Mango Malpua
- Banana Malpua
- KhoyaMalpua and more.


Malpua is a must at the Rakhi festival, and especially when served with Rabri, it tastes Wow! Malpua and Rabri are one divine combination when it comes to dessert.

So this RakshaBandhan, don't forget to add this duo to your menu.



# Salona Bandhan Rakhi Ka

They found his slain body under the wall of the mosque with the Brahmin lady guarding the corpse. The royal retinue brought the dead body back and after ritual bath buried him in Humayun's tomb. The next emperor, Shah Alam II, called Ram Kumari – the Brahmin lady who guarded Alamgir II's body – and declared her to be his sister. He rewarded her generously.



#TIES



Rana Safvi
*writer, blogger and translator*

Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

The Mughal Empire in the 18th century was mostly run by powerful ministers, who put puppet kings on the throne and removed them when their usefulness was over.

Aurangzeb (1659-1707) was succeeded by his son Shah Alam, who took the title of Bahadur Shah (1702-12). After him, came a succession of emperors; some who sat on the throne for just a few months.

In 1754, the great grand-son of Aurangzeb, Mohammad Aziz-ud-Daulah, became the 18th Mughal emperor to sit on the Mughal throne. He was chosen from among the many princes living in the royal palace and placed on the throne with the title Alamgir II (June 2, 1754 - November 29, 1759) by Imad-ul-Mulk.

Alamgir II was the reigning Mughal monarch only in name, with all powers vested in the hands of his Wazir, Ghazi-ud-Din Imad-ul-Mulk.

Attacks and plunder by the Afghan ruler, Ahmad Shah Abdali, had considerably weakened the Mughal Empire. There was chaos everywhere, and Imad, suspecting the emperor to be in touch with the Afghan ruler and plotting to cast the Wazir aside, decided to get rid of Alamgir II altogether.

Imad did not have the courage to eliminate the emperor inside the fort; so devised a clever plan of drawing the Badshah out.

Alamgir II was a very pious man and had great faith in Sufi faqeers (mendicants). Whenever he heard a faqeer had come to Delhi, he would call him to the fort; and, if the faqeer didn't come, the Mughal emperor would himself go and meet the Sufi. Imad-ul-Mulk spread the rumour that a very esteemed faqeer coming for a visit to Delhi, and staying in Firoz Shah Kotla, and who would not go out to meet anyone. As these rumours were cleverly fed to the emperor, his urgency to meet the faqeer kept growing.

> The next emperor, Shah Alam II, called Ram Kumari and declared her to be his sister. On every Salona (as Rakshabandhan was called) festival, she would come and tie a rakhi of pure pearls on Shah Alam II's wrist. Accompanying the rakhi would be lots of sweets. In turn, he would gift her clothes and gold coins, as was the norm.



One night, the Badshah said, "I will go and meet him."

When he reached the Firoz Shah Kotla, the Wazir said, "Jahanpanah, the faqeer will be very upset upon seeing your retinue. You should go in alone."

The Badshah ordered everyone, except a eunuch, to wait near the entrance and went in alone.

As soon as he set foot inside one of the rooms in the Kotla, he was attacked by the Wazir's men and brutally killed. The emperor's body was thrown into the River Yamuna.

The Wazir came out of the mosque and told the royal retinue: "The Badshah is sitting with the faqeer and has asked me to bring a piece of paper from his khwabgaah. You all stay here; I will just be back with that paper."

He disappeared from there after that.

Meanwhile, a Brahmin lady named Ram Kumari was passing by. She was on her way for the early morning puja of the Yamuna, which flowed under the Firoz Shah Kotla. She saw a mutilated dead body that had floated back to the river bank and recognised it as that of the emperor.

The Mughal emperor enjoyed the good will of his subject – Hindus and Muslims alike. She immediately went over to the emperor's lifeless body, sat down there and kept his head on her lap and crying softly waited for dawn.

At dawn, she was joined by other worshippers of the Yamuna. They all sat with their dead emperor, till help arrived.

Hours passed. When neither the Badshah nor the Wazir came back, the royal retinue got worried and went in to the mosque. There, they found it empty and started running around in search of the emperor.

They found his slain body under the wall of the mosque with the Brahmin lady guarding the corpse. The royal retinue brought the dead body back and after ritual bath buried him in Humayun's tomb.

The next emperor, Shah Alam II, called Ram Kumari – the Brahmin lady who guarded Alamgir II's body – and declared her to be his sister. He rewarded her generously.

> Jehangir celebrated various festivals in grand and public way. Guerreiro has recorded festival of muslims. Jehangir kept fasts for Ramzan and invited Shaikhs and Sayyids to break their fast. On the seventh year of his ascension in 1612 Jehangir celebrated Rakhi festival publicly and allowed citizens to tie him Rakhi or sacred threads.

After that, on every Salona (as Rakshabandhan was called) festival, she would come and tie a rakhi of pure pearls on Shah Alam II's wrist. Accompanying the rakhi would be lots of sweets. In turn, he would gift her clothes and gold coins, as was the norm.

In a chronicle of 18th century Naubat-e-Panchroza describes Rakhi festival celebrations at Red Fort as below

"Sawan is the month loved best by everyone in Delhi. All the people come out in the open and enjoy themselves. There are jhoolas swinging from every tree and the sound of laughter and singing everywhere. The festival of Raksha Bandhan is the most important and popular. In the Red Fort particularly special preparations are made weeks in advance. Jhoolas are set up with silver supports and ropes of silk with seats of gold and silver. Amidst all this gaiety the Emperor emerges from the Moti Masjid and occupies a small throne while the shehnai plays. Ramjani takes a seat near the Emperor and ties around his wrist a rakhi of gold and silken thread with pearls strung round it. Then she takes a sweet from a silver plate and gives it to the Emperor while everyone chants Mahabali Badshah Salaamat (Long live the king)."


Until the last Mughal emperor, Bahadur Shah Zafar hadn't been exiled from the Red Fort, this practice continued, with women of Ram Kumari's family coming to tie rakhis on the wrists of the Mughal emperor and other princes.

Note: The reign and death of Alamgir II, and the role of Imad-ul-Mulk in the emperor's murder is well documented. I have taken this story from Bazm-e-Akhir, written by Munshi Faizuddin, a Mughal courtier in 1885. Faizuddin spent a lot of time inside the Red Fort, or Qila-e-Moalla, as he was the attendant of Mirza Ilahi Bux, the father-in-law of Bahadur Shah Zafar. This story has also been mentioned by Mirza Farhatullah Beg in his 19th book, Phool Waalo'n ki Sair.

Prominent historian M.L. Roy Chaudhary gives an account of the festival of Rakshabandhan in Mughal India and declared Humayun as a Rakhibandh Bhai of the family of Rana of Chittaur. Akbar went a step further and included the festival of different communities in the list of holidays of empire. Rakshabandhan day was declared a holiday by Akbar. Jahangir also gives prominence to Rakhi. Muhammad Umar argues that Akbar made it a court festival and got Rakhi tied around his wrist. Thus, it became the custom of the courtiers and other.

Jehangir celebrated various festivals in grand and public way. Guerreiro has recorded festival of muslims. Jehangir kept fasts for Ramzan and invited Shaikhs and Sayyids to break their fast on some days. On the seventh year of his ascension in 1612 Jehangir celebrated Rakhi festival publicly and allowed citizens to tie him Rakhi or sacred threads. In Bengal once on Maha Shivratri he met yogis and listened to their stories at night. Dusserha was celebrated every year by the emperor with inspection of mughal troops, horses and elephants. On Diwali Jehangir and his ministers sat and involved in gambling games. Christians could openly celebrate Christmas and Easter at Agra, Delhi and Lahore. Jehangir himself participated in Christmas festivities in palace organized by British and Portuguese ambassadors. He kept Hindu astrologers at court to tell him auspicious dates and also weighed himself and his children on special days.

rajeshsharma1049@gmail.com





#RESEARCH

# Asking for the moon... when you really get it

Now that India has soft landed on the moon, the dust it will raise will travel from moon surface to the earth.



Anjan Roy

The fact is that only four nations have so far been able to soft land on the moon itself bears testimony that this is not an easy achievement. Were it easy, many others would by now have landed there.

By placing its rover on the moon and conducting scientific experiments, India immediately gains recognition as a space super power. In fact, many of the global media is referring to India as such. This is a major recognition. There are larger implications of this achievement.

The landing of a lander kicked up lot of moon dust —called regolith for its typical characteristics— which is minute and sticky andcovered the entire lander for a while. Only after the dust subsided, the moon rover was able to roll out from the lander and started its movement across the surface after a while.

But India's successful landing on moon surface, more particularly after the failure of Russian landing bid just couple of days back, puts India on a geo-political plane which would be vastly changed.

India is only the fourth country in the world to put its lander on the moon, that too in an area which is of critical scientific importance. The Vikram lander has arrived at the lunar south pole where sunlight does not reach mostly. So it is surmised if moon has water, it would be in the form of ice particles in the southern polar region.

The technical success in the lunar arrival vests a kind of geo-political hue on the country. India had earlier signed up to the American Artemis programme, which seeks to create a regime for moon research and lunar governance for the future.

This assumes importance as a host of countries are seeking to land on the moon in the immediate future. These include, Israel, Japan, and the traditional space powers, including China, America and Russia. Until now, the United Nations had resolved that no one country can claim exclusive national sovereign claim on any part of the moon. China, joined by Russia, have however not joined any of the international efforts for governance of moon research and territorial rights. If anything, China has refused to fall in line with the international position on no national claims on the moon.



India on the other hand is in tune with the international position and as a vindication joined the Artemis programme for joint explorations and non-national ownership of any part of moon.

The space, willynilly, is fast becoming an extended stage of rivalry among the major earth powers. Russia, in its fallen status, has aligned fully with China as the latter had splayed its capabilities by making three landings and more particularly on the other side of the moon which is not visible to earth bound observers.

The US, on the other hand, although had placed its astronauts on the moon half a century ago, has not undertaken much activity recently. The only other country which had placed its rovers in the twenty-first century is China.

In the situation, American agreements on moon research and exploration with India is a strategic achievement. India would be a valuable resource for America's renewed moon exploration bid. In this joint effort, several other democracies, like Canada, Japan and South Korea, are also joining in.

That means, you have the newly emerging geo-political alignment — the so-called democracies, on the one hand, with the autocracies on the other.

Because of Chinese behaviour on the Himalayan borders, India firmly remains outside of any joint effort with China. India therefore have to be on the other side with America and the west in space related activities.


The lunar landing happened at a critically favourable time as well when the BRICS summit was being held in South Africa. Already, Prime Minister, Narendra Modi, had pitched the achievement as not just of India but for humanity at large.

India will have a far higher profile at the BRICS summit now that the space capability has been so acutely demonstrated with the picture perfect landing. China's preponderance as the final space power would be challenged and the global south nations will take India so much seriously.

This achievement will give boost to India's hard technological image, as well as, its soft power influence over the global south. These are gains apart from the sheer scientific achievements of the whole endeavour. These are no less important in the life of a nation.

Simply put, India now stands much taller in the city of nations than when the lander was making its still critical descent on moon surface. One wrong move from mission could have changed all that.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जिला बनाने की मांग को लेकर 160 वें दिन भी धरना जारी

## मालपुरा शहर में जिला नहीं तो वोट नहीं के हॉर्डिंग्स लगे



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर शहर में लगे पोस्टर।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर गैर राजनैतिक मंच की ओर से शुरू किया गया धरना व प्रदर्शन मंगलवार को 160 वें दिन भी जारी रहा।

उपखण्ड अधिकारी आवास के सामने व राजस्थान के लौह पुरूष पूर्व गृहमंत्री स्व. दामोदार लाल व्यास की प्रतिमा के सामने गैर राजनैतिक मंच जिला बनाओ कोर कमेटी के बैनर तले शुरू किये गये आंदोलन ने गांधीवादी विचाराधारा से आंदोलन के 160 दिन पूरे किये। मंगलवार को कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी व कई सामाजिक संगठनों के साथ-साथ साहित्य मंच से जुड़े कविगण व विद्यार्थियों सहित खिलाड़ियों ने धरना स्थल पर पहुंच आंदोलन का समर्थन किया।


धरना स्थल पर बैठे धरनार्थियों ने जिला बनाने की मांग को लेकर जेल भरो आंदोलन सहित अनेक गांधीवादी आंदोलनों के जरिए ज्ञापन सौंप सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र के बाजार व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से बंद कर जिले की मांग का समर्थन किया गया। एक महीने से अधिक समय तक युवाओं ने आमरण अनशन कर मालपुरा को जिला बनाने की मांग की। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट ले क्षेत्र से विधायक बनने का ख्वाब देख रहे नेता कई महिनों से क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क तो कर रहे हैं लेकिन मालपुरा को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री के सामने स्वयं उपस्थित हो क्षेत्र की मांग से अवगत करवा जिले की घोषणा का दबाव बनाने से कतरा रहे हैं।

क्षेत्र के मतदाता व आमजन ने मालपुरा के स्वाभिमान को बचाने व जिला बनने के अधिकार के लिए बिना राजनीति के जिला बनाने की घौषणा करवाने वाले नेता का खुलकर समर्थन कर उसे अपना सर्व मान्य विधायक चुनने की घोषणा भी की है।

मंगलवार को टोडारायसिंह में अधिवक्ताओं व पालिका पार्षदों एवं भाजपाईयों ने रैली निकाल मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम वर्षा शर्मा को ज्ञापन सौंप टोडारायसिंह का विखण्डन कर केकडी व टोंक में शामिल करने का कड़ा विरोध करते हुए टोडारायसिंह को यथावत रख मालपुरा को जिला बनाने की मांग की गई।

वहीं मालपुरा शहर सहित विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह जिला नहीं तो वोट नहीं के श्लोगन लिखे हॉर्डिंग्स लगा क्षेत्र की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाई गई। इस प्रकार के हॉर्डिंग्स लगने के बाद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भी अब अपना रूझान स्पष्ट कर मालपुरा को जिला बनाने वाली पार्टी व नेता को ही समर्थन का संकेत दिया है।

# चोरों ने दो घरों से चुराए नकदी सहित लाखों रुपये के आभूषण


घटना की जानकारी मिलते ही निहालगंज पुलिस ने मौका-मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर में चोरों ने ओडेला रोड पर दो मकानों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। करीब 1 किलोमीटर के फासले पर बने दोनों मकान सेचोर 20 हजार की नगदी के साथ 9 लाख रुपए के गहने पार कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही निहालगंज पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

चोरी की पहली वारदात को अंजाम देते हुए चोर ओडेला रोड स्थित माधवानंद कॉलोनी में रहने वाले निरंजन पुत्र श्याम लाल के घर में घुस गए। जिसमें चोरों ने मंदिर की छत से घर में घुसकर मकान मालिक निरंजन के सीने पर अवैध हथियार लगा दिया। जिसके बाद चारों चोरों ने घर में रखी 20 हजार की नगदी के साथ करीब एक लाख के सोने चांदी के गहनों को पार कर ले गए। घटना के बाद चोरों को सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है।

चोरी की दूसरी वारदात माधवानंद कॉलोनी से करीब 1 किलोमीटर राजा विहार कॉलोनी में हुई। जहां से चोर छत के रास्ते से विष्णु हरिजन के मकान में घुस गए। जहां से चोर घर के एक कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब आठ लाख रुपए के गहनों को पार कर ले गए। चोरी की वारदात का पता चलने पर ओडेला चौकी प्रभारी दयालचंद शर्मा घटनास्थल का मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि चोरी की दोनों वारदातों को लेकर जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# 20 वर्षीय विवाहित महिला की संदिग्ध मौत

■ दो साल पहले हुई थी शादी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर के मनियां क्षेत्र के दूबरा गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

मृतका के पिता राजू पुत्र कालू राम निवासी आगरा उत्तर प्रदेश ने महिला थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराते हुए बताया कि 2 साल पहले 14 सितंबर को उसने अपनी दोनों बेटी पूजा और ज्योति की शादी दूबरा गांव के दो सगे भाइयों के साथ की थी। शादी के बाद पूजा अपने पति अजय के साथ अलग रहती थी, जबकि छोटी बेटी ज्योति अपने पति शिवम के साथ घर पर ही रहती थी। 2 महीने पहले छोटी बेटी 20 वर्षीय ज्योति पत्नी शिवम के लड़की होने के बाद ससुराल पक्ष के लोग 5 लाख रुपए का दहेज लाने के लिए दबाव बना रहे थे। दहेज नहीं लाने पर सास पुष्पा और ससुर गुड्डू के साथ ससुराल के लोग आए दिन उनकी बेटी के साथ मारपीट भी करते थे।

पीड़ित ने बताया कि 2 दिन पहले 26 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए पैसे नहीं लाने पर छोटी बेटी ज्योति की हत्या करने की धमकी दी थी। जिसके बाद सोमवार शाम करीब 6 बजे पीहर पक्ष के लोग जब बेटी ज्योति को लेने उसकी ससुराल पहुंचे तो उन्हें बेटी का शव मिला। मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया। जिसका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**टोंक, (निसं)।** बरोनी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 52 पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत व एक व्यक्ति घायल हो गया। बरोनी थानाधिकारी रामजीलाल मीणा ने बताया कि श्योजी पुत्र धन्ना लाल रेगर (46) निवासी राजमहल थाना दूनी एवं धनराज पुत्र प्रभुलाल गुर्जर (38) निवासी राजमहल जो सोमवार रात्रि 10 बजे जयपुर से अपने गांव राजमहल मोटरसाइकिल से जाते समय सराई वैष्णो देवी मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लग गई। जिसकी सूचना पाकर मौके से घायलों को टोंक सहादत अस्पताल इलाज के लिए भेजा जहां डाक्टरों ने श्योजी को मृत घोषित कर दिया व धनराज का इलाज शुरू है।

# बीमा की राशि ब्याज सहित देने के आदेश

■ बीमा कंपनी ने परिवादी का दावा किया था खारिज

**जोधपुर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने परिवादी को उसके वाजिब दावे से महरूम करने के उद्देश्य से अस्पताल की रोगी परची में बीमा कंपनी व उनके टी पी ए ने कारस्तानी कर जो गलत तथ्य अंकित किए हैं, वे कूट रचित श्रेणी में माने जाने से बीमा कंपनी द्वारा परिवादी का दावा खारिज किया जाना सेवा में कमी तथा त्रुटि है।

आयोग के अध्यक्ष डा श्यामसुंदर लाटा और सदस्य अफसाना खान ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि तीन माह में बकाया दावा राशि 10 लाख 93 हजार 931 रुपए का निर्धारण कर 10 अगस्त 2022 से 9 फीसदी ब्याज और 15 हजार रुपए हरजाना अदा करें।

राहुल जिनेश्वर तातेड़ ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद पेश कर कहा कि उन्होंने चिकित्सकीय व्यय के तीन दावे युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में पेश किए, लेकिन बीमा कंपनी ने यह बताते हुए दावे में मनमानी कटौती कर दी कि परिवादी को आठ साल से मधुमेह बीमारी है। अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि बीमा कंपनी और उनके टी पी ए ने अस्पताल के किसी कर्मचारी से मिलीभगत कर कारस्तानी करते हुए रोगी परची में खाली जगह पर यह अंकित कर दिया कि रोगी आठ साल से मधुमेह से ग्रसित है और उस पर अस्पताल की रबड़ मोहर भी अंकित कर दी। अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि बीमा कंपनी द्वारा जो कूट रचित रोगी परची पेश की गई है, उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि कभी भी रोगी परची पर बाद में जोड़े गए शब्दों पर रबड़ मोहर नहीं लगाई जाती है और अंकित किए गए तथ्य जाली, बनावटी और फर्जी है सो परिवादी बकाया दावा राशि 10 लाख 93 हजार 931 रुपए प्राप्त करने का अधिकारी है। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि परिवादी को पांच लाख रुपए अदा किए जा चुके हैं और 8 साल से मधुमेह होने से बकाया दावा राशि का परिवाद खारिज किया जाएं।

जिला आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि बीमा कंपनी द्वारा पेश रोगी परची में जोड़े गए शब्दों की हस्तलिपि और स्याही अलग है जो कि पूर्णतया संदिग्ध है और हेरा फेरी कर रोगी परची में तथ्यों को अंकित करवाना बीमा कंपनी और उसके टी पी ए पर भारी संदेह उत्पन्न करता है जो कि कूट रचना की श्रेणी में आता है। उन्होंने आठ साल पूर्व से बीमारी होने का तथ्य गलत, निराधार और अवैध रूप से मानते हुए दावा खारिज किया जाना सेवा में कमी तथा त्रुटि मानते हुए बकाया दावा राशि निर्धारित कर तीन माह में दावा राशि मय 10 अगस्त 2022 से 9 फीसदी ब्याज और 15 हजार रूपए हरजाना अदा करने का बीमा कंपनी को निर्देश दिया।

# पार्क में अवस्थाओं को ठीक करवाने की मांग

■ ज्ञापन में बताया कि पार्क में आवारा कुत्तों एवं जानवरों का आवागमन होने के कारण जगह-जगह गंदगी फैली रहती है

**निवाई, (निसं)।** शिवाजी पार्क मॉर्निंग क्लब के पदाधिकारियों ने मंगलवार को शिवाजी पार्क में व्याप्त अवस्थाओं में सुधार के लिए अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि पार्क में आवारा कुत्तों एवं जानवरों का आवागमन होने के कारण जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। जिससे पार्क में सुबह घूमने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने छोटे प्रवेश द्वार राउण्ड गेट लगाने की मांग की है जिससे जानवरों का प्रवेश रूक सके। इसी के साथ ज्ञापन में बताया कि पूरे पार्क में नगरपालिका ने दोब लगाकर हरा किया है लेकिन दोब बडी हो गई है जिससे उसमें कई जहरीले कीडे पनपने की आशंका हो गई है जिसकी कटाई करवाई जानी चाहिए। इसके अलावा पार्क में शिवाजी की प्रतिमा के पास बने हुए होद में बरसात का पानी भरा होने से बदबू मारने लगा है।

इसके साथ कई जगह बिजली के तार खुले हुए है जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। पार्क में लगे हुए व्यायाम के लगे हुए उपकरणों में समय-समय ग्रीस व ऑयलिंग नहीं होने से कई उपकरण खराब हो गए है। ऐसे उपकरणों के स्थान पर नये उपकरण लगाने की मांग की है। ज्ञापन में पार्क में पेयजल व्यवस्था करने की मांग की गई है। इस पर अधिशाषी अधिकारी ने क्लब के पदाधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं ठीक करवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन पर सुबह घूमने आने वाले दो दर्जन लोगों के हस्ताक्षर है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मॉर्निंग क्लब के शंकरलाल हाथीवाल, रामफूल शर्मा, बाबूलाल कवरिया, प्रेमचन्द बरवाडा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बाल कल्याण समिति ने एक और बालक का पारिवारिक पुनर्वास करवाया

**जोधपुर, (कासं)।** बाल कल्याण समिति के प्रयासों से एक और बालक का पारिवारिक पुनर्वास करवाया गया है।

समिति अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा ने बताया कि करीब दो माह पूर्व भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर कंबल में लिपटा हुआ निराश्रित हालत में सात साल का बालक मिला जो जो चर्म रोग से पीड़ित था। बाल कल्याण समिति द्वारा प्रसंज्ञान लेते हुए बालक को उपचार के लिए एम्स जोधपुर में भर्ती करवाया गया। बालक की हालत सामान्य होने पर राजकीय किशोर गृह जोधपुर में प्रवेश दिलवाया। इसके बाद बालक के घर का पता लगवाने के लिए समिति ने प्रयास शुरू किए। उसकी राजकीय गृह में काउन्सलिंग करवाई गई। विभाग के परामर्शदाता मुकेश कुमार के विशेष योगदान से निरन्तर काउन्सलिंग कर बालक के संबध में जानकारी प्राप्त हुई कि वह इटारसी जिला सिरोह मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

विभाग के आउटरिच वर्कर अर्जुन सिंह गहलोत व परामर्शदाता मुकेश कुमार को बालक के बताए अनुसार स्थान पर जाकर परिजनों का पता लगा कर पारिवारिक पुनर्वास करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए। विभागीय कार्मिकों ने लगन से कार्य करते हुए बालक के परिजनों का पता लगाया। वीडियों कॉन्फ्रेसिंग कर बालक का पारिवारिक पुनर्वास किया। पारिवारिक पुनर्वास कर जोधपुर लौटने पर नामित कार्मिक का स्वागत किया गया।

# निर्माणाधीन पुलिया बनी युवक के लिए काल

■ बहन के घर से लौटते समय हुआ हादसा

■ वाहन को बचाने के दौरान वह अधूरी पुलिया के पिलर से टकराया

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर के बसईनवाब कस्बे के नजदीक ईटकी गांव के निकट बीते कई माह से अधूरी पुलिया का निर्माण बीती रात को एक बाइक चालक युवक की मौत का कारण बन गया।

जानकारी के अनुसार बसई नवाब कस्बे से बाइक पर सवार होकर एक युवक अपनी बहन के घर से अपने गांव लौट रहा था। तभी रात के अंधेरे में पुलिया के समीप जैसे ही सामने से आ रहे वाहन को बचाने के दौरान वह अधूरी पुलिया के पिलर से टकरा गया। इस दौरान सिर में गंभीर चोट आने पर वह सड़क पर पड़ा रहा। तभी रात्रि गश्त में निकले बसई नवाब चौकी प्रभारी राजवीर मीना ने सड़क पर पड़े घायल को तत्काल बसई नवाब अस्पताल पहुंचाया लेकिन युवक की जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना पाकर थाना अधिकारी मानसिंह भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना की जानकारी ली। वहीं शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। जिसका परिजनों की मौजूदगी में मंगलवार सुबह पंचनामा प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक रंजीत पुत्र प्रभाती जाटव निवासी कुरीन का पुरा का थाना कंचनपुर का निवासी था। जिसकी सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हुई है। बताया गया है कि उसके ही परिवार के कुछ लोगों ने बसई नवाब एजेंसी से एक साथ दो बाइक खरीदी थी। घर के अन्य सदस्य नई बाइकों को लेकर आगे निकल गए और पुरानी बाइक रंजीत के पास थी जो अपनी चचेरी बहन के घर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। तभी ईटकी गांव के समीप कई माह से अधूरा पड़ा पुलिया का निर्माण उसके लिए काल बन गया। संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के चलते यहां कोई संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में सड़क के बीचों-बीच अधूरी पुलिया का गड्ढा और सड़क किनारे मलबे के ढेर से यातायात भी प्रभावित बना रहता है।

# 110 वर्षीय पूर्व सरपंच वीरा नहीं रहे


वीरा पटेल

■ वीरा भाई पंचायती राज की स्थापना 1960 से 1988 तक सरपंच रहे

**बांसवाड़ा (निस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुंदरी निवासी वीरा पुत्र धनजी पटेल का 110 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरा भाई पंचायती राज की स्थापना 1960 से 1988 तक सरपंच रहे।

समाजसेवा में वे अग्रणी रहते थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी, पूर्व विधायक पन्नालाल कतीजा, पूर्व विधायक नाथूराम भगत, कालूराम पारगी बरेठ नाथू भाई खराड़ी, दीपा भाई पारगी बड़लिया, हरजी भाई डामोर टामटिया सहित अनेक दिग्गज नेताओं के साथ लंबे समय तक सक्रियता से कार्य किया। उन्हें केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया का प्रेरणास्त्रोत भी माना जाता है। ग्राम पंचाचत में हुए कई विकास कार्य उनकी देन है। उनके निधन की सूचना पर कई गणमान्य नागरिक उनके घर की ओर हो लिए।

# कुएं में शव मिला

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** जयपुर रोड हाइवे मार्ग के पास अवाना की पाल के पीछे पानी से भरे कुएं में एक दिन पहले घर से लापता मार्बल व्यवसायी का शव तैरता हुआ मिला। गौताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालने पर मृतक की शिनाख्त बजरंग कॉलोनी निवासी गोपाल यादव के रूप में हुई। हत्या या आत्महत्या पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच पड़ताल हो रही है। मृतक के पुत्र रोहित यादव ने बताया कि पिता सोमवार को वाइक लेकर घर से निकले थे, समय पर नहीं पहुंचने पर गांधीनगर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

# कहासुनी के बाद दो युवकों की कुचलकर हत्या, एक घायल

■ डीडवाना जिले के राणासर गांव से निकलने वाले मेगा हाइवे की घटना

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना-कुचामन जिले के राणासर से निकलने वाले मेगा हाइवे पर सोमवार की रात दो दलित युवकों को एक बोलेरो कैंपर गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि तीनों दलित युवक मौलासर में चल रहे एक धार्मिक मेले में शिरकत कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान एक होटल पर उनकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। जिससे गुस्साए आरोपियों ने इन बाइक सवारों का पीछा कर पहले बोलेरो कैंपर से उन्हें टक्कर मार दी और फिर कुचलकर हत्या कर दी।

आरोपियों ने इतनी बेदर्दी से दलित युवकों पर को कुचला कि उनके शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गए। घटना में मृतक युवकों के हाथ पैर तक कट कर अलग हो गए। मृतकों की पहचान परबतसर क्षेत्र के बिदियाद गांव निवासी राजूराम और चुन्नीलाल के रूप में हुई है, जबकि घायल किशनाराम का गंभीर अवस्था में उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

वहीं डीडवाना एसपी प्रवीण नायक और सीओ विकास भी घटना स्थल पहुंचे। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है। पुलिस को मौके से हाईवे किनारे दो मृतकों के शव मिट्टी में पड़े मिले हैं, जबकि वहीं पर दुर्घटनाग्रस्त बाइक भी पड़ी मिली है। साथ मौके पर ही गाड़ियों के टायरों के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने रात को ही आरोपियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

मामले में मृतकों के परिजन व अन्य लोगों ने मामले का खुलासा करने के साथ सीबीआई जांच की मांग को लेकर कुचामन पुलिस थाने के बाहर टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया है। परिजनों की ओर से कुचामन पुलिस को रिपोर्ट दी गई है जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। इससे पहले कुचामन चिकित्सालय में भी लोगों का जमावड़ा लगा, मामले में आक्रोश जताते हुए लोगों ने जमा होकर सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

चिकित्सालय में जमा हुए लोगों ने कुचामन थाने तक पैदल मार्च निकाला और रास्ते में भी पुलिस और सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए नारेबाजी की। जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नूनावत ने इस बारे में मीडिया कर्मियों को बताया की परिजनों की ओर से उन्हें रिपोर्ट मिली है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं। एसपी द्वारा घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। वही जिले भर में एक अलर्ट जारी कर केम्पर गाड़ियों की तलाश की जा रही। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था।

# नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव


सूचना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

■ कोठाज गांव के जंगल की घटना

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के पारोली थाना इलाके में मंगलवार को कोठाज गांव के जंगल में नीम के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पारोली थाना प्रभारी नंद सिंह ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत कोठाज के सरपंच गोपाल सिंह ने मोबाइल से सूचना दी कि कोठाज में एक व्यक्ति नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। सूचना पर थाना प्रभारी सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। वहां एक व्यक्ति खेतों के बीच नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे से झूलता मिला। पुलिस ने प्रयास कर मृतक की पहचान भैंरू (35) पुत्र उदा माली निवासी कोठाज के रूप में की।

थाना प्रभारी ने बताया कि शव जमीन से करीब 20 फीट की ऊंचाई पर लटका हुआ था। एक रस्सी उसके गले व पेड़ से बंधी है, जबकि दूसरी रस्सी मृतक के सीने और नीम के पेड़ के मोटे भाग पर बंधी थी। इतना ही नहीं उसके पैर भी रस्सी से बंधे हुई थी। ऐसे में मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों के साथ ही ग्रामीणों ने युवक की मौत को हत्या बताते हुये त्वरित जांच की मांग पुलिस के समक्ष रखी। साथ ही पुलिस को शव भी नीचे नहीं उतारने दिया। ग्रामीणों के विरोध के चलते कई घण्टे पुलिस शव को कब्जे में नही ले पाई।

डीएसपी कोटड़ी श्यामसुंदर विश्नौई भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने भीलवाड़ा से एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया। इस टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाये हैं। साथ ही अजमेर से पुलिस डॉग स्क्वायड बुलाई गई जिसने भी तथ्य जुटाते हुए जांच शुरू की है।

प्रथम दृष्टया पुलिस भी मौत को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। हालाकि पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्थित साफ हो पायेगी। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि युवक की पत्नी, बच्चे और परिजन अलग-अलग रहते हैं। युवक, आसींद क्षेत्र में किसी खदान पर मजदूरी करता था। करीब ढाई से तीन महीने पहले युवक मजदूरी के लिए घर से गया था, तब से युवक की उसके परिवारवालों से कोई बातचीत नहीं हुई। कोठाज के उदा माली के दो बेटों में भैंरू लाल छोटा बेटा था। उसका बड़ा भाई मोडू है। भैंरू 5 बच्चों का पिता था। सभी बच्चे अभी छोटे हैं।

# 'पुलिस मेरा एनकाउंटर करना चाहती है, बेगुनाही साबित करने के लिए सरेंडर किया'

## कुख्यात डकैत धन सिंह ने सरेंडर करते समय अजमेर कोर्ट में बयान दिया


वकील के साथ कोर्ट में सरेंडर करने जाते डकैत धन सिंह।

**अजमेर, (कासं)।** आपराधिक मामलों में फरार चल रहे कुख्यात डकैत धनुप्रताप उर्फ धन सिंह उर्फ धन सा पीपरोली ने मंगलवार को अजमेर की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति न्यायालय में सरेंडर कर दिया। कोर्ट में सरेंडर करते हुए डकैत धन सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पुलिस उसका एनकाउंटर करने की योजना बना रही थी, कोर्ट में बेगुनाही साबित करने के लिए सरेंडर किया है।

**आईजी व एसपी से लगाई थी सुरक्षा की गुहार :-** धन सिंह के वकील गुरुप्रीत सिंह सोढ़ी ने कहा कि केकड़ी सदर थाने में दर्ज जानलवा हमले के प्रकरण में एससी एसटी कोर्ट में समर्पण किया है। पिछले दिनों एनकाउंटर की धमकी के कारण धन सिंह के परिवार ने एसपी आईजी के समक्ष भी पेश होकर जान की गुहार लगाई थी। एनकाउंटर से बचने के लिए सरेंडर किया, जबकि उसका इस मामले में कोई मतलब नहीं था। धनसिंह के खिलाफ कोर्ट में कुल 18 से अधिक मामले विचाराधीन बताए जा रहे है।

**बेगुनाही साबित के लिए कोर्ट में सरेंडर :-** डकैत धन सिंह ने कहा कि राजनीतिक द्वेषता के कारण कुछ भी होता है तो मुझे फंसा देते है, इसलिए सरेंडर कर बेगुनाही का सबूत देने की कोशिश की है। केकड़ी के सदर थाना क्षेत्र हुए एक फायरिंग मामले में पुलिस झूठा फंसा रही है। यह सोची समझी साजिश है, जिसमें पुलिस मेरा एनकाउंटर करने की योजना बना रही थी। बाकी मेरा नए मामले में कोई हाथ नहीं है। यह बात डकैत धनसिंह ने अजमेर कोर्ट में सरेंडर के दौरान यह बात कही। डकैत धन सिंह के खिलाफ अजमेर समेत प्रदेश में करीब 40 से ज्यादा हत्या, डकैती, लूट व मारपीट के मामले दर्ज हैं।

■ **डकैत धन सिंह पर अजमेर समेत प्रदेश में करीब 40 से ज्यादा हत्या, डकैती, लूट व मारपीट के मामले दर्ज हैं**

**चालीस से ज्यादा मुकदमे दर्ज :-** डकैत धन सिंह को करीब एक साल पहले कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराने बस स्टैंड से अजमेर की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया था। इस दौरान बदमाश के पास से 2 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए थे, तत्कालीन एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने खुलासा किया था। इसके साथ ही 2 मार्च 2021 को अजमेर जिला स्पेशल और सरवाड़ पुलिस ने भी इसको गिरफ्तार किया था। तब इसके पास से बुलेट प्रूफ जैकेट, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 12 बोर की बंदूक और एक देसी कट्टा बरामद हुआ था। डकैत धन सिंह के खिलाफ अजमेर सहित प्रदेश के अलग अलग थानों में 40 से ज्यादा हत्या, डकैती, लूट और मारपीट के साथ ही हथियारों की तस्करी के मामले में मुकदमे दर्ज हैं। कई मामलों में पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया है।

# आर.पी.एस.सी. ने परीक्षा को लेकर नियम बदले

## अब परीक्षार्थी को मिलेगा 10 मिनट का अतिरिक्त समय

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने परीक्षार्थियों के लिए एक ओर नवाचार करते हुए परीक्षा नियमों में बदलाव किया है। अब आयोग की भर्ती परीक्षाओं में परीक्षार्थी को 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसके साथ आयोग ने प्रश्नपत्र में सवालों के जवाबों में 4 की जगह 5 ऑप्शन भी दिए जाएंगे। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र में यदि कोई परीक्षार्थी दस प्रतिशत सवाल छोड़ देता है तो उसे आयोग द्वारा डिस्क्वालीफाई किया जाएगा।

10 मिनट का अतिरिक्त समय:- आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग की परीक्षा के दौरान 10 मिनटों में परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि ओएमआर शीट में उन्होंने पांच में से किसी एक ऑप्शन का चयन किया है या नहीं। इसके अलावा चाहें तो अतिरिक्त समय का उपयोग परीक्षार्थी ओएमआर शीट भरने के लिए भी कर सकता है। मेहता ने बताया कि इससे पहले जब 5 वें ऑप्शन का नियम जारी किया था तब 5 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम का प्रावधान किया गया था। लेकिनए अब इसे बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है। बता दें कि आगामी भर्ती परीक्षाओं से ही इसकी शुरुआत हो जाएगी।

■ **दस प्रतिशत सवाल छोड़ने पर अभ्यर्थी होगा डिस्क्वालीफाई**

**पांच में से कोई भी ऑप्शन चयन नहीं करने पर कटेगा 1/3 अंक :-** आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इससे पहले आयोग ने सवालों के ऑप्शन में बदलाव करने के नियम जारी किए थे। इसमें 5 ऑप्शन का नियम जारी किया गया था। इसके अंतर्गत अगर परीक्षार्थी किसी सवाल का जवाब न देना चाहे तो वह 5वें ऑप्शन को चुन सकता है। इसके अलावा किसी भी ऑप्शन का चयन न करने पर प्रति प्रश्न 1/3 अंक काट जाएगा। परीक्षार्थी द्वारा 10 प्रतिशत से ज्यादा सवालों में यदि किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जाता है तो उसे उस परीक्षा में अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।

# 'कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी से आज गंगानगर का किसान मातम बना रहा है'

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने श्रीगंगानगर जिला कलेक्ट्रेट पर किसानों द्वारा गंगनहर में शेयर के अनुसार निर्धारित 2800 क्यूसेक सिंचाई के पानी की आपूर्ति करने की मांग को लेकर आयोजित विशाल किसान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गंगनहर में सिंचाई के पानी की आपूर्ति कम करने के विरुद्ध राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा कमजोर पैरवी करने से आज गंगानगर का किसान आज मातम बना रहा है और खून के आंसू रोने को मजबूर है।

राठौड़ ने कहा कि 1926 में महाराजा गंगासिंह के द्वारा बीकानेर रियासत, बहावलपुर रियासत व पंजाब स्टेट के मध्य हुए समझौते के अनुसार पंजाब के डेम में हमारा 1.11 मिलियन एकड़ फीट वर्षों से निर्धारित था। 1955 से 1963 में समझौते के मुताबिक फिरोजपुर फीडर से गंगानगर के पानी का राजस्थान का हिस्सा 47 था। लेकिन पंजाब सरकार की दादागिरी के कारण गंगनहर से 2800 क्यूसेक पानी के हमारे अधिकार को पिछले 20 दिनों से शून्य कर रखा है। जिस वजह से हमें 2800 क्यूसेक की जगह पर मात्र 700-800 क्यूसेक पानी ही मिल रहा है। राठौड़ ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा हरिके बैराज से राजस्थान कैनाल व गंग कैनाल में वर्ष 1981 के समझौते के अनुसार राजस्थान में सिंचाई हेतु निर्धारित हिस्से का पानी रोक देने से गंगानगर व हनुमानगढ़ में साढ़े 3 लाख हेक्टेयर में बोयी गई नरमा, मूंग, ग्वार, बागवानी-गन्ना की फसलों के नष्ट होने के कगार पर है।

■ **श्रीगंगानगर में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किसान सभा को संबोधित किया**

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सिंचाई मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया तो हमारे पानी का हिस्सा मांगने की बजाय 1953 से 1957 के बीच में राजस्थान सरकार द्वारा खरीदी गई जमीन पंजाब सरकार को देने की सहमति व्यक्त करके आ गये। यानी अब पंजाब हमारी सरकार पर एक और नहर बनायेगा जिससे फरीदकोट, भठिंडा व अमृतसर आदि इलाके में पानी जायेगा। फिरोजपुर फीडर से निकलने वाली नहर राजस्थान के किसानों की बर्बादी का कारण बनेगी।

राठौड़ ने कहा कि सरकार ने पहले बजट 2019-20 में राजस्थान फीडर व सरहिन्द फीडर पेयजल के लिए 1976 करोड़ की योजना की घोषणा की थी, बजट 2020-21 में 245 करोड़ से रावतसर, टिब्बी, सूरतगढ़ व अनूपगढ की नहरों के रिलाइनिंग का कार्य की घोषणा की थी और बजट 2022-23 में सरहिन्द फीडर की लाइनिंग करने के लिए 425 करोड़ की घोषणा की घोषणा की थी लेकिन दुर्भाग्य है कि सारी बजटीय घोषणा सिर्फ कागजों पर धरातल पर नहीं आई और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

राठौड़ ने किसानो को आश्वस्त करने हुए कहा कि किसानों के आंदोलन के साथ भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से साथ खड़ी है। राज्य में भाजपा की सरकार के शासन में आने के बाद किसानों के सिंचाई हेतु पानी के लिए आवश्यक प्रबंधन किये जायेंगे, किसानों को उनके हक का पूरा पानी मिलेगा चाहे इसके लिए पंजाब की सरकार के साथ लड़ाई ही क्यों ना लड़नी पड़े।

# किशनगढ़ बास से कोटपूतली तक लगा टोल प्लाजा आज दोपहर से हटेगा

## आर.एस.आर.डी.सी. इकाई भरतपुर परियोजना निदेशक की ओर से आदेश जारी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास, खैरथल, बानसूर, कोटपुतली सड़क पर स्थित टोल प्लाजा पर 30 अगस्त दोपहर 12 बजे से पथकर वसूली बंद करने के आदेश मंगलवार को आरएसआरडीसी इकाई भरतपुर परियोजना निदेशक लक्ष्मण सिंह की ओर से शेखावाटी इंफ्रास्ट्रक्चर राधा मुकुट विहार को जारी किए हैं।

उल्लेखनीय रहे की टोल नाके को हटाए जाने के लिए 2 दिन पूर्व ही पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास में आयोजित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच से आव्हान करते हुए सरकार और कलेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा था कि एक सितंबर तक खैरथल से टोल नाके नहीं हटाए गए तो भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ खैरथल जाकर टोल नाके को हटाऊंगा। मंगलवार को आरएसआरडीसी लिमिटेड इकाई भरतपुर के परियोजना निदेशक लक्ष्मण सिंह की ओर से शेखावाटी इंफ्रास्ट्रक्चर राधा मुकुट विहार जयपुर को निर्देशित किया गया है कि किशनगढ़ बास खैरथल बानसूर कोटपूतली सड़क पर स्थित टीम टोल प्लाजा टोल संग्रहण का 30 अगस्त दोपहर 12 बजे से बंद किया जाना सुनिश्चित करें।

परियोजना निदेशक की ओर से यह भी निर्देशित किया गया है कि निगम के उपकरणों को परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार अरोड़ा को सुपुर्द किया जाना सुनिश्चित करें। टोल समाप्त किए जाने के आदेश से किशनगढ़ बास खैरथल में खुशी का माहौल है वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता कार्यकर्ता इस आदेश को पूर्व विधायक रामहेत यादव की चेतावनी का असर बता रहे हैं।

दूसरी ओर टोल हटाए जाने की अधिकृत सूचना मिलते ही खैरथल नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष विक्की चौधरी, संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, बीसीसी अध्यक्ष शिवचरण लाल गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद नारायण छंगाणी, पार्षद जाजन मूलानी, पवन वासु, राजेंद्र चौधरी, सखैरथ विकास मंच के अध्यक्ष श्यामलाल शर्मा देशराज जांगिड, मुबारक खान, इसलाम खां सहित पार्षदों, पंच सरपंच और अनेकों संस्थाओं व व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह जगह खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी कर खुशी जाहिर की और विधायक दीपचंद खेरिया व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खेरिया ने खैरथल किशनगढ़ बास की जनता से वायदा किया था कि व टोल को हटवाकर ही दम लेंगे।

## एशिया कप के शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे राहुल

बेंगलुरु, 29 अगस्त। भारत के दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण एशिया कप 2023 के शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कोच राहुल द्रविड़ के हवाले से ट्वीट किया, केएल राहुल वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ एशिया कप 2023 के भारत के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल जांघ की सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रक्रिया पूरी कर भारत की 17 सदस्यीय टीम में शामिल हुए थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि राहुल एक अन्य छोटी चोट से जूझ रहे हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत और नेपाल चार सितंबर को आमने सामने होंगे। भारत के सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई करने पर राहुल के खेलने की उम्मीद है।

## ईस्ट बंगाल डूरंड कप के फाइनल में

कोलकाता, 29 अगस्त। नंदकुमार सेकर के शानदार प्रदर्शन से ईस्ट बंगाल ने मंगलवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी को 5-3 से हराकर 19 साल बाद डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैच खत्म होने में जब सिर्फ एक मिनट का समय बचा था तब नंदकुमार (90 प्लस सातवें मिनट) ने हेडर से गोल दागकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया और मैच को पेनल्टी शूटआउट में खींचा। ईस्ट बंगाल की टीम एक समय 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन वह जोरदार वापसी करने में सफल रही। नंदकुमार ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में भी गोल दागा। उनसे पहले क्लेटन सिल्वा, साउल क्रेस्पो, बोर्जा हरेरा और नाओरेम महेश ने भी ईस्ट बंगाल की ओर से पेनल्टी शूट आउट में गोल किए। सोलह बार के चैंपियन ईस्ट बंगाल ने 2004 के बाद पहली बार डूरंड कप के फाइनल में जगह बनाई है। पेनल्टी शूटआउट में ईस्ट बंगाल के गोलकीपर प्रभसुखन सिंह गिल ने पार्थिव गोगोई के शॉट को रोका जिसे दोबारा लिया गया। दूसरे मौके पर उनका शॉट क्रॉसबार से टकरा गया जिससे ईस्ट बंगाल की जीत सुनिश्चित हुई। फाइनल में ईस्ट बंगाल का सामना मोहन बागान और एफसी गोवा के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इससे पहले नॉर्थईस्ट की टीम ने शुरुआती एक घंटे के दौरान मैच में दबदबा बनाए रखा और 2-0 की बढ़त बनाई। सोराइसेम दिनेश सिंह ने आत्मघाती गोल दागकर ईस्ट बंगाल का वापसी का मौका दिया जिसके बाद अंतिम लम्हों में नंदकुमार ने टीम को बराबरी दिला दी।

# वनडे ने मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया : कोहली

चेन्नई, 29 अगस्त। एकदिवसीय विश्वकप शुरू होने में अब जबकि कुछ सप्ताह का समय बचा है तब भारत के शीर्ष बल्लेबाज विराट कोहली ने इस प्रारूप के प्रति अपने लगाव के बारे में बात करते हुए कहा कि इसने उन्हें हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया।

भारत में पिछले 10 वर्षों से आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है लेकिन पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्वकप में उसे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए वनडे में सफल होने के लिए तकनीकी चुनौतियों और रणनीतिक फैसला लेने के कौशल पर बात की। उन्होंने कहा,'' मुझे वनडे क्रिकेट में खेलना पसंद है। मेरा मानना है कि वनडे क्रिकेट संभवत: एक ऐसा प्रारूप है जिसमें आपके खेल की संपूर्ण परीक्षा होती है। इसमें आपकी तकनीक, धैर्य, परिस्थितियों के अनुसार खेलने और खेल के विभिन्न चरणों में अलग-अलग तरह से खेलने के कौशल की परीक्षा होती है।''

कोहली ने कहा,'' इसलिए मेरा मानना है कि यह एक बल्लेबाज के रूप में आपकी परीक्षा लेता है और मुझे यह भी लगता है कि वनडे क्रिकेट ने मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मुझे चुनौतियां पसंद है और मैं अपनी टीम की जीत के लिए परिस्थितियों के अनुसार खेलता हूं।''

उन्होंने कहा,'' मैं हमेशा ऐसा करने का प्रयास करता हूं और जैसे मैंने कहा यह प्रारूप मुझे अपनी बल्लेबाजी के सभी पहलुओं को परखने का लगातार मौका देता है और यही वजह है कि मैं वनडे क्रिकेट खेलने का पूरा लुत्फ लेता हूं।'' कोहली का 50 ओवरों के प्रारूप में रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने इस प्रारूप में अभी तक 46 शतक लगाए हैं। इनमें से 26 शतक उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगाए हैं जो कि एक रिकॉर्ड है।

# जोकोविच ने जीत के साथ की अमेरिकी ओपन में वापसी

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 के शुरुआती दौर में फ्रांस के एलेक्जेंडर मूलर को हराकर अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर पहला क़दम बढ़ा लिया है।

विश्व नंबर एक जोकोविच ने सोमवार को खेले गये मुकाबले के शुरुआती छह गेम जीतकर ज़ोरदार शुरुआत की और अंतत: विश्व नंबर 84 पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर काफी अच्छी शुरुआत की। मैं कोर्ट पर आने के लिये उत्साहित था। (अमेरिकी ओपन में खेले हुए) दो साल हो गये हैं और यहां आर्थर ऐश कोर्ट पर आप लोगों के सामने आना हमेशा एक सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं दूसरे और तीसरे सेट में बेहतर सर्विस कर सकता था। मैंने अपनी सर्विस का स्तर कम होने दिया और मुझे अंक अर्जित करने के लिये अधिक मेहनत करनी पड़ी। फिर भी मुझे लगता है कि मैं शुरू से अंत तक अच्छा खेला। उम्मीद है कि मैं इसे अगले दौर में भी बनाए रखूंगा।''

उल्लेखनीय है कि जोकोविच पिछली बार 2021 में अमेरिकी ओपन में उतरे थे, जब दानिल मेदवेदेव ने उन्हें फाइनल में हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम से वंचित कर दिया था। अमेरिका की कोविड वैक्सीन नीति के कारण जोकोविच 2022 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे।

दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस से होगा, जो पहले चरण में एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। दिन के अन्य मुकाबलों में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के मिलोस राओनिक को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने स्टेफानो त्रावाग्लिया को 6-2, 6-3, 4-6, 6-1 से मात दी।

## एशियाई टीमों की विश्व कप की तैयारी शुरू

मुल्तान, 29 अगस्त। एकदिवसीय विश्व कप 2023 की तैयारी के एक अहम पड़ाव की शुरुआत करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट टीम बुधवार को यहां एशिया कप के पहले मुकाबले में नेपाल से भिड़ेगी। पाकिस्तान और नेपाल के अलावा 50 ओवर प्रारूप के इस टूर्नामेंट में भारत, बंगलादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका हिस्सा ले रहे हैं। नेपाल इस बार विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका। साल 1984 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में भारत सर्वाधिक सात बार विजेता बना है, जबकि श्रीलंका ने छह बार जीत दर्ज की है। पाकिस्तान ने दो बार एशिया कप की ट्रॉफी उठाई है। साल 2018 में यह टूर्नामेंट 50 ओवर प्रारूप में खेला गया था जब भारत ने फाइनल में बंगलादेश को हराकर खिताब हासिल किया था। टीम संयोजनों को देखते हुए इस बार पाकिस्तान भारत के लिये बड़ी चुनौती पेश कर सकता है।

## भारतीय पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी को एशियाड में स्वर्ण पदक का भरोसा

नयी दिल्ली, 29 अगस्त। भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी के सदस्य अमोज जैकब ने मंगलवार को कहा कि उन्हें भरोसा है कि देश एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतेगा और अगर उन्होंने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया तो उनका लक्ष्य पोडियम स्थान हासिल करने का होगा। चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो मिनट 59.05 सेकेंड के समय से एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर पहली बार फाइनल्स में प्रवेश किया था।

मोहम्मद अनस याहिया, जैकब, मोहम्मद, अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी हीट में अमेरिका के बाद दूसरे ओर फाइनल्स में छह में से पांचवें स्थान पर रही थी। जैकब ने कहा, ''अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर हम हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेंगे और अगर हमने अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया तो हम पोडियम स्थान हासिल करने का लक्ष्य बनायेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस पर जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, ''हांगझोउ (एशियाड) में हम पर कम दबाव होगा और हमारे प्रयास विश्व चैम्पियनशिप में बनाये एशियाई रिकॉर्ड को सुधारने पर लगे होंगे।

## अच्छा होता अगर एशिया कप के सभी मैच पाक में होते : बाबर आजम

मुल्तान, 29 अगस्त। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम एशिया कप की मेजबानी के 'हाइब्रिड मॉडल' को लेकर किसी तरह का मसला खड़ा नहीं करना चाहते हैं लेकिन उनका मानना है कि अगर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सभी मैचों का आयोजन उनके देश में होता तो अच्छा होता। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास एशिया कप की मेजबानी अधिकार हैं लेकिन जय शाह की अगुवाई वाली एशियाई क्रिकेट परिषद ने हाइब्रिड मॉडल को चुना जिसमें कुछ मैचों की मेजबानी श्रीलंका करेगा। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच भी शामिल हैं। बाबर ने नेपाल के खिलाफ उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा,'' अगर आप मुझसे पूछो तो अच्छा होता अगर पूरा टूर्नामेंट पाकिस्तान आयोजित करता लेकिन दुर्भाग्य से इसको लेकर कुछ नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने कहा,'' पेशेवर होने के नाते हमें जो भी कार्यक्रम दिया गया है हम उसके लिए तैयार हैं। इनमें यात्रा करना और लगातार मैच खेलना भी शामिल हैं और हम इसके लिए तैयार हैं।''

# एशिया कप : पहले मैच में पाक की भिड़ंत नेपाल से

मुल्तान, 29 अगस्त। पाकिस्तान की टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को नेपाल के खिलाफ करेगी जिससे करीब 15 साल के बाद देश में कई टीम के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की वापसी होगी।

पाकिस्तान क्रिकेट के लिए 2009 मार्च में लाहौर में श्रीलंकाई टीम पर हुए आंतकी हमले के बाद सफर काफी मुश्किल रहा है। इसके बाद पाकिस्तान ने चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी के अधिकार गंवाने के अलावा 2011 में विश्व कप में अपनी संयुक्त मेजबानी भी गंवा दी थी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और सदस्य देश सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं करना चाहते थे जिससे करीब आठ साल तक देश की टीम शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सकी।

इसलिये एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान के लिए काफी अहमियत रखते हैं जिसे 2025 चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी भी दी गयी है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला में क्लीन स्वीप के बाद वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची पाकिस्तान को मुल्तान की गर्मी में नेपाल के खिलाफ आराम से जीत हासिल करनी चाहिए। नेपाल की टीम पहला एशिया कप खेल रही है।

नेपाल के दो खिलाड़ी लेग स्पिनर संदीप लामिचाने और आल राउंडर दिपेंद्र सिंह ऐरी को ही टी20 लीग में खेलने का अनुभव है। लामिचाने यहां पाकिस्तान सुपर लीग में खेल चुके हैं, उन्हें छोड़कर अन्य को यहां की परिस्थितियों का अंदाजा नहीं है।

नेपाल को 2018 में वनडे दर्जा मिला और वह 50 ओवर के प्रारूप की रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज है जिससे संकेत मिलता है कि वह 2027 विश्व कप में शामिल होने के अपने सपने को हासिल करने के कितने करीब पहुंच गया है। नेपाल की टीम एक हफ्ते पहले पाकिस्तान पहुंची और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह एशिया कप खिताब उठाने की प्रबल दावेदार में शुमार टीम के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करती है।

पाकिस्तान की टीम केवल दो मैच घरेलू मैदान पर खेलेगी, बाकी के मैच श्रीलंका में होंगे जिसमें भारत के खिलाफ बड़ा मुकाबला भी शामिल है। यहां काफी गर्मी और उसम होगी तथा दोनों टीमें अपने स्पिनरों पर काफी निर्भर रहेंगी।

## बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़

बेंगलुरु, 29 अगस्त। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। आयरलैंड टी20 सीरीज के जरिये वापसी करने से पहले बुमराह कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण करीब एक साल से क्रिकेट से दूर थे। अब विश्व कप से पहले बुमराह श्रीलंका में होने वाले एशिया कप 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्रविड़ उनकी वापसी से खुश हैं, हालांकि टीम बुमराह के कार्यभार का सावधानीपूर्ण प्रबंधन करेगी। द्रविड़ ने कहा, हां, उन्हें वापस लाना और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा है। जसप्रीत एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे हमने पिछले दो वर्षों में बहुत याद किया है। मुझे कहना होगा कि उसने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उसे वापस पाकर अच्छा लगा और हम धीरे-धीरे उसे टीम में शामिल कर लेंगे। द्रविड़ ने बुमराह के साथ वापसी करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा पर कहा, आयरलैंड दौरे पर उन दोनों के लिये उन चार ओवरों का अभ्यास अच्छा था, जिससे उन्हें गेंदबाजी में कुछ आसानी हुई। अब एशिया कप में हमें इस अभ्यास को आगे बढ़ाने का मौका मिला है। विश्व कप से पहले तैयार होने के लिये हमारे पास पूरा एक महीना है। यह हमें तेज गेंदबाजी विभाग में अधिक विकल्प देता है। यह हमें अधिक संसाधन रखने का अवसर देता है, खासकर विश्व कप जैसे लंबे टूर्नामेंट में। एशिया कप का फाइनल 17 सितंबर को खेला जायेगा, जबकि भारत अपने वनडे विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को करेगा। बतौर मुख्य कोच अपने पहले विश्व कप में द्रविड़ ने टीम की तैयारी पर भरोसा जताया।

## श्रीलंका की एशिया कप टीम में तीन युवा गेंदबाज

कोलंबो, 29 अगस्त। चोट के कारण तीन अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों के टीम से बाहर होने के बाद श्रीलंका ने बिनुरा फर्नांडो और प्रमोद मदुशन को एशिया कप स्क्वाड में शामिल किया है। श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। लेगस्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंता ने भी वानिंदु हसरंगा के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में जगह बनायी है, चार वनडे मैच खेल चुके फर्नांडो और एक वनडे मैच खेल चुके मदुशन चोटग्रस्त दुशमंता चमीरा, दिलशान मदुशंका और लाहिरू कुमारा की अनुपस्थिति में टीम में आए हैं।


**कार्यालय श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/श्रीसांमंमं/2023-24/1360 दिनांक:-29.08.2023

**-: ई- निविदा सूचना संख्या-20/2023-24:-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा श्री सांवलियाजी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व एवं जल-झूलनी एकादशी मेला, 2023 में फ्लॉवर डेकोरेशन (कुल 01) कार्य हेतु उपयुक्त विभाग व श्रेणी में पंजिकृत एवं इस प्रकार का व्यवसाय करने वाले संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र व सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्ते इन्टरनेट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 30.08.2023 को प्रात: 09:00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 04.09.2023 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं का निविदा शुल्क, धरोहर राशि व प्रोसेसिंग फीस श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के बैंक ऑफ बडौदा, शाखा-मण्डफिया के खाता क्रमांक-52430100000001 IFSC-BARBOMANDPH में RTGS/NEFT/IMPS/UPI के माध्यम से जमा करवानी होगी। ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं का तकनिकी भाग दिनांक 05.09.2023 को अपरान्ह 12:00 बजे मंदिर मण्डल के चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट परिसर कमरा नं. 04 में स्थित कार्यालय में ऑनलाईन खोली जावेगी।

NIB NO- SMM2324A0020

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल



तस्वीर में साफ नज़र आ रहा है कि, रक्षाबंधन पर अपने घर जाना कितना मुश्किल और जोखिम भरा है। जयपुर जंक्शन पर मंगलवार को हर जगह इतनी भीड़ थी कि, पांव रखने तक की जगह तक नहीं बची थी। सभी यात्री, जैसे-तैसे ट्रेन में चढ़ जायें, बस इसी मौके की तलाश में जहां जगह मिली वहां जाकर खड़े हो गये। प्लेटफॉर्म पर धक्का-मुक्की और जगह नहीं मिलने से परेशान होकर लोग जान की परवाह किये बगैर पटरियों पर आकर जमा हो गये। गौरतलब है कि, त्योहारों के दिनों में रेलगाड़ियों में भारी भीड़भाड़ वाली स्थिति होना आम बात है। ट्रेनों में इतनी भीड़ होने का मुख्य कारण यह है कि, जब तक ट्रेन रवाना नहीं हो जाती तब तक जनरल बोगी में सफर करने वाले यात्रियों के लिए बेहिसाब टिकट काटे जाते हैं।

# ‘कश्मीर को राज्य का दर्जा कब दिया जाएगा और चुनाव कब होंगे’?

## सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 पर सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार से सवाल किया

- केंद्र ने जवाब में कहा कि, जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्थायी नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे के भविष्य पर 31 अगस्त को सरकार विस्तृत बयान देगी।
- सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि, कश्मीर में पहले रोज़ दंगे हुआ करते थे, लेकिन अब, शांति और सामान्य स्थिति है। जब राज्य का पुनर्गठन होगा, तो इसका एक खाका तैयार होगा कि सरकार कैसे काम करेगी जिससे युवाओं को मुख्यधारा में लाया जा सके।''

नई दिल्ली, 29 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। 12वें दिन की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब दिया जाएगा और चुनाव कब होंगे? केंद्र ने जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्थायी नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे के भविष्य पर 31 अगस्त को सरकार विस्तृत बयान देगी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बना दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि भविष्य में जम्मू-कश्मीर को एक राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जबकि लद्दाख अभी केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 31 अगस्त को उच्चतम स्तर पर बैठक के बाद ठोस कदम सामने आ सकता है।

मेहता की दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने पूछा जम्मू-कश्मीर में चुनाव कब होंगे? पीठ ने कहा, ''क्या कोई रोडमैप है? आपको हमें वह दिखाना होगा। आपको यह बताने के लिए हमारे सामने बयान देना होगा कि आप एक राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में कैसे बदलेंगे हैं और यह कब तक हो पाएगा क्योंकि वहां लोकतंत्र की बहाली महत्वपूर्ण है।''

मेहता ने कहा कि 2020 में जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद (डी.डी.सी.) के चुनाव हुए, जो अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद पहला चुनाव था। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले और बाद में जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए मेहता ने कहा कि वहां हड़तालें और हमले होते थे, जिसके कारण बैंक और शैक्षणिक संस्थान बार-बार बंद होते थे। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब, शांति और सामान्य स्थिति है। जब राज्य का पुनर्गठन होगा, तो इसका एक खाका तैयार होगा कि सरकार कैसे काम करेगी जिससे युवाओं को मुख्यधारा में लाया जा सके।''

## ‘लोकसभा चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अंतर्कलह से पार्टी की संभावना कमजोर हो सकती है। दिसंबर में एक साथ चुनाव करवाने इन राज्यों में भाजपा विरोधी भावना कम हो सकती है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता विधानसभा चुनावों में भी भाजपा विरोधी भावना कम कर सकती है। चंद्रयान-3 की सफलता लोगों के दिमाग में ताजा है और जी-20 सम्मेलन भारत में हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की यात्रा तय है और संभावना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी आ सकते हैं। इन परिस्थितियों में भाजपा के लिए राजनैतिक लाभ लेने का सही समय है। ये तर्क जल्दी चुनाव करवाने के पक्ष में दिए जा रहे हैं।

लेकिन भाजपा ''इंडिया शाइनिंग'' वाला समय दोहराना नहीं चाहती जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार 2004 में जल्दी चुनाव की घोषणा की थी। सर्वेक्षण में बताया गया है कि हालांकि आर्थिक मोर्चे पर सरकार का प्रदर्शन कमजोर है लेकिन मोदी की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। भाजपा भले विधानसभा चुनाव में स्वीप न कर सके लेकिन फिर भी उसके पास वैचारिक प्रबंधन के रूप में डैमेज कंट्रोल करने के लिए समय रहेगा।

केन्द्र तथा भाजपा शासित राज्य सरकारें पहले ही जनकल्याण के कदम उठा चुकी है एल.पी.जी. सिलैण्डर के दाम कम करके। आने वाले महीनों में केन्द्र सरकार और कदमों की घोषणा कर सकती है। जैसे युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता।

सूत्रों के अनुसार किसानों को किसान निधि के नाम पर दी जा रही है 6000 रूपये की राशि को दुगुना किया सकता है। इस समय देश के राजनैतिक हालात अभी भाजपा के पक्ष में नहीं दिख रहे लेकिन सोच जल्दी बदलता है। पूरी संभावना है कि भाजपा इंतजार करेगी और अगले साल अप्रैल में तय समय पर ही चुनाव करवाएगी।

## सेवानिवृत्त ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी। इससे उनके सिर में हीमटोमा बन गया था। वे सैमि कॉन्शस हालत में थे, अब 36 घंटे के इलाज के बाद उनका मंगलवार को सीटी स्कैन किया गया।

सोनी हॉस्पिटल के सी.ई.ओ. नमित सोनी ने बताया कि, सोमवार को सीटी स्कैन रिपोर्ट में महर्षि के क्लॉट का साइज़ छोटा था, लेकिन मंगलवार को की गई दूसरी सीटी स्कैन में क्लॉट साइज ढाई गुना हो गया है। उन्होंने बताया कि, डॉक्टर उनकी हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, आगे स्थिति के अनुसार ऑपरेशन करने का निर्णय लिया जाएगा। डॉक्टरों के अनुसार, अब वे होश में हैं और बात कर रहे हैं। उनका ब्लड प्रैशर, टैम्परेचर और पल्स आदि सभी पैरामीटर सही काम कर रहे हैं।

इससे पहले सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक और वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. अचल शर्मा और डॉ. राशिम कटारिया भी सोनी अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने आई.सी.यू. में भर्ती महर्षि की हालत के बारे में जानकारी ली। बताया जा रहा है कि, महर्षि के परिजन दिल्ली हायर सेन्टर के चिकित्सकों से भी सम्पर्क कर रहे है।

## गहलोत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रंधावा ने इस स्थिति तक भी स्वयं को समायोजित कर लिया है तथा इसलिये अब उनकी कोई विश्वसनीयता नहीं रही है। वे अशोक गहलोत के साथ एक तरफा रूप से डटे हुये हैं। इस रस्साकशी की अपेक्षा भी थी। गहलोत, सचिन पायलट का प्रतिकार करने के लिये अपने समर्थकों को सहारा देकर आगे लाने की कोशिश में लगे हुये हैं। यह उनका एक सूत्रीय एजेंडा बना हुआ है, भले ही यह सब पार्टी की कीमत पर हो रहा हो।

# चंद्रयान ने चंद्रमा पर सल्फर और ऑक्सीजन ढूंढ निकाला

## रोवर प्रज्ञान ने चांद पर एल्यूमीनियम, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैग्नीशियम और सिलिकॉन का पता लगाया है

- इससे पहले इसरो ने चंद्रमा की सतह पर तापमान भिन्नता का एक ग्राफ रविवार को जारी किया था। अंतरिक्ष एजेंसी के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने चंद्रमा पर दर्ज किए गए उच्च तापमान को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया।
- तापमान के ग्राफिक चित्रण के बारे में इसरो वैज्ञानिक बी. एच. एम. दारुकेशा ने कहा, ''हम सभी मानते थे कि सतह पर तापमान 20 डिग्री सैंटीग्रेड से 30 डिग्री सैंटीग्रेड के आसपास हो सकता है, लेकिन यह 70 डिग्री सैंटीग्रेड है।

नई दिल्ली, 29 अगस्त। प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा पर ऑक्सीजन और सल्फर जैसे तत्वों का पता लगा लिया है। इसरो ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुये कहा कि अब रोवर हाइड्रोजन खोजने की तलाश में है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 को प्रज्ञान रोवर में लगे लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप ने पहली बार दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्र सतह में सल्फर की मौजूदगी की पुष्टि की है। इसके अलावा, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर रोवर प्रज्ञान ने एल्यूमीनियम, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैग्नीशियम और सिलिकॉन का पता लगा लिया है।

इसरो ने ट्वीट करते हुए लिखा, ''रोवर पर लगा लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एल.आई.बी.एस.) उपकरण पहली बार इन-सीटू माप के माध्यम से, दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्र सतह में सल्फर (एस.) की उपस्थिति की स्पष्ट रूप से पुष्टि करता है। जैसा कि अपेक्षित था, एल्यूमीनियम , कैल्शियम , आयरन , क्रोमियम , टाइटेनियम , मैंगनीज , सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता चला है। हाइड्रोजन (एच.) की खोज जारी है। एल.आई.बी.एस. उपकरण को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स (एल.ई.ओ.एस.)/इसरो, बेंगलुरु की प्रयोगशाला में विकसित किया गया है।''

यह बेहद अहम जानकारी शेयर करने से पहले इसरो ने कहा था कि प्रज्ञान रोवर चंद्रमा के ''और अधिक रहस्यों को उजागर करने की राह पर है''। बता दें कि 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक और सफल लैंडिंग के कुछ घंटों बाद रोवर को विक्रम लैंडर से बाहर निकाला गया था। उसके बाद से यह कई खुलासे कर चुका है।

इससे पहले इसरो ने चंद्रमा की सतह पर तापमान भिन्नता का एक ग्राफ रविवार को जारी किया था। अंतरिक्ष एजेंसी के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने चंद्रमा पर दर्ज किए गए उच्च तापमान को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, ‘चंद्र सर्फेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट’ (चेस्ट) ने चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए, दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी का ‘तापमान प्रालेख’ मापा।

# अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त (वार्ता)। अमेरिका में पिछले सप्ताह गोलीबारी की कई घटनायें हुईं। केंटुकी, फ्लोरिडा और कैलीफोर्निया राज्यों में आठ लोगों की जान गई है जिनमें हमलावर शामिल नहीं हैं।

हाल ही में रविवार की सुबह अमेरिका के लुइसविले शहर के एक रेस्तरां में गोलीबारी हुई। केंटुकी राज्य में हुई घटना में एक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार पुलिस संदिग्धों या संदिग्धों के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से उनकी गुमनाम टिप लाइन पर कॉल करने का अनुरोध किया है।शनिवार दोपहर को अमेरिका के जैक्सनविले में एक डॉलर जनरल स्टोर में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी हुई। फ्लोरिडा राज्य में गोलीबारी में हमलावर सहित कम से कम चार लोग मारे गये। गोलीबारी ऐतिहासिक रूप से अश्वेत कॉलेज एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी से कुछ ही दूरी पर हुई। जैक्सनविले शेरिफ टी.के. वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़ित - दो पुरुष और एक महिला - सभी अश्वेत लोग थे।

# घरेलू गैस सिलैंडर के दाम 200 रुपये कम हुये

## केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने साथ ही 75 लाख नये उज्ज्वला गैस कनैक्शन जारी करने की भी घोषणा की

- अनुराग सिंह ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि, देश की बहनों को राखी के तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा।
- अनुराग ठाकुर ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नये उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता)। सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपये कम करने और 75 लाख नये उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा,रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपये की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपये की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपये बचेंगे।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नये उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

# चीन ने अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया

नई दिल्ली, 29 अगस्त। चीन द्वारा नए नक्शे में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को अपना हिस्सा बताने पर सख्त ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमने आज चीन के तथाकथित 2023 के ‘स्टैंडर्ड मैप’ पर चीनी पक्ष के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम इन दावों को खारिज करते हैं क्योंकि इनका कोई आधार नहीं है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक चीनी पक्ष द्वारा इस तरह के कदम केवल सीमा प्रश्न के समाधान को जटिल बनाते हैं।

गौरतलब है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने 2023 का स्टैंडर्ड मैप जारी किया है। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन क्षेत्र, ताइवान और दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा पेश किया है। यह नक्शा सामने आने के बाद बड़े पैमाने पर विवाद पैदा हो गया। भारत द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताने के बावजूद चीन ने इस तरह की हिमाकत को अंजाम दिया है। चीनी वेबसाइट ग्लोबल टाइम्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि स्टैंडर्ड मैप चीन और दुनिया के विभिन्न देशों की राष्ट्रीय सीमाओं की ड्राइंग मेथड के आधार पर तैयार किया गया है।

नक्शे में ताइवान के अलग हो चुके द्वीप और दक्षिण चीन सागर के एक बड़े हिस्से पर दावा करने वाली नौ-डैश लाइन को चीन का बताया गया है। बीजिंग हमेशा ताइवान को अपने मेन लैंड का हिस्सा बताता रहा है। मेन लैंड के साथ इसका एकीकरण चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निर्धारित उद्देश्य का हिस्सा है।

## ‘ई.डी. का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की है, जिसमें ई.डी. अधिकारियों पर, शराब व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल से कथित रूप से 5 करोड़ रूपए ऐंठने का आरोप लगाया गया है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि, पिछले एक साल से ई.डी. ''तथाकथित'' एक्साइज़ पॉलिसी स्कैम की जाँच कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि, ''ई.डी. इस घोटाले को लेकर अपने वक्तव्य बदलता रहा है। कभी वो कहते हैं कि यह सौ करोड़ का घोटाला है और कभी कहते हैं, एक हजार करोड़ का घोटाला है। इस केस में वो कोई ''मनी ट्रेल'' नहीं ढूंढ पाए हैं।''

संजय सिंह ने कहा, ''ई.डी. ''एक्सटॉर्शन'' डिपार्टमैंट है। कथित एक्साइज़ स्कैम की जांच के नाम पर वो पैसे ऐंठ रहे हैं। इस विभाग का उपयोग, देश के विभिन्न भागों में विधायकों को तोड़ने के लिए किया जाता है। यह गुंडागर्दी का विभाग है। सुप्रीम कोर्ट को तुरंत इसे बंद कर देना चाहिए। घोटाले की जांच में घोटाला हो रहा है।''

# ‘इंडिया गठबंधन की दो ही बैठकों ने गैस सिलैंडर के दाम घटाने पर मजबूर कर दिया’

## ममता बनर्जी ने गैस सिलैंडर के दाम कम किये जाने पर तंज कसा

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि, मोदी सरकार रसोई गैस की कीमतें बढ़ाकर माता- बहनों को रुलाती रही है, लेकिन अब चुनाव सामने हैं तो उसने वोट पाने का खेल करते हुए इसकी कीमत घटा दी है।
- मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि, साढ़े नौ वर्षों तक 400 रुपए का रसोई गैस का सिलेंडर 1100 रुपए में बेच कर आम आदमी की ज़िंदगी तबाह करते रहे, लेकिन तब कोई ‘स्नेह भेंट’ की याद क्यों नहीं आई।

कोलकाता/नई दिल्ली, 29 अगस्त। केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम घटाने के ऐलान के बाद ममता बनर्जी ने इस पर तंज कसा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी दो ही मीटिंगों में सिलेंडर के दाम 200 रुपए तक घटाने पड़ गए। उन्होंने आगे कहा कि यह इंडिया गठबंधन का दम है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने आज घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम घटाने का ऐलान किया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी मिली है। केंद्र सरकार के इस फैसले का लाभ 33 करोड़ से ज्यादा एल.पी.जी. ग्राहकों को मिलने जा रहा है।

गैस सिलेंडर के दाम पर केंद्र सरकार का फैसला आने के बाद ममता बनर्जी ने ट्वीट किया। इस ट्वीट में ममता ने लिखा कि बीते दो महीने में इंडिया गठबंधन की दो ही बैठकें हुई हैं। इसके बाद ही हम देख रहे हैं कि एल.पी.जी. गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कमी आ चुकी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इसके आगे लिखा है कि ये है इंडिया का दम।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मोदी सरकार रसोई गैस की कीमतें बढ़ाकर माता- बहनों को रुलाती रही है, लेकिन अब चुनाव सामने हैं तो उसने वोट पाने का खेल करते हुए इसकी कीमत घटा दी है।

खड़गे ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा , जब वोट लगे घटने, तो चुनावी तोहफ़े लगे बटने। जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है। साढ़े नौ वर्षों तक 400 रुपए का रसोई गैस का सिलेंडर 1100 रुपए में बेच कर आम आदमी की ज़िंदगी तबाह करते रहे, लेकिन तब कोई ‘स्नेह भेंट’ की याद क्यों नहीं आई।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार ये जान ले कि 140 करोड़ भारतीयों को साढ़े नौ साल तड़पाने के बाद ‘चुनावी लॉलीपॉप’ थमाने से काम नहीं चलेगा। आपके एक दशक के पाप नहीं धुलेंगे। भाजपा कमरतोड़ महँगाई का मुक़ाबला करने के लिए कांग्रेस पहली बार कई राज्यों में ग़रीबों के लिए केवल 500 रुपए का सिलेंडर करने वाली है।

# जात आधारित जनगणना को मुख्य...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से वंचित रखा जाय। यह अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझकर किया गया है। मैं सरकार को चेतावनी दे रहा हूँ। अगर आप इस वर्ग के अधिकारों को अगले या पिछले दरवाजे से रोकने का प्रयास करेंगे तो एक ज्वालामुखी फट पड़ेगा। मैं आपको आश्वासन देता हूं कि आप इसे रोक नहीं सकते और इससे आप का ही पर्दाफाश हो रहा हैं।''

उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ''भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। इससे लगता है कि भाजपा घबराई हुई है और वह कभी जाति आधारित सर्वेक्षण करवाना ही नहीं चाहती थी।''

जद (यू) नेता और बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने एन.डी.टी.वी. से कहा, ''केंद्र कह रहा है कि जनगणना करवाने का अधिकार केवल उसे है। यह हास्यास्पद है। बिहार सरकार आरंभ से ही यह कह रही है। लेकिन हम जनगणना नहीं बल्कि सर्वेक्षण करवा रहे है।''

चौधरी ने कहा, ''इससे केन्द्र सरकार का नकाब उतर गया है। इससे उनकी निराशा झलकती है। भाजपा के नेता भ्रमित हैं। भाजपा ने बिहार में सर्वदलीय बैठक में इस सर्वेक्षण को समर्थन दिया था। अब उस पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। यह जनगणना नहीं है। जनगणना करवाने के उने अधिकार को किसने चुनौती दी है।''

बिहार के भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जोर देकर कहा कि पार्टी की बिहार इकाई जातीय सर्वेक्षण का समर्थन करती है। हलफनामे पर उपजे विवाद के बार में उन्होंने कहा, ''गृह मंत्रालय ही यह बता पाएगा लेकिन केन्द्र ने सर्वेक्षण रोकने के कोई प्रयास नहीं किए।''

उन्होंने मीडिया में कहा, ''हमारी केवल एक ही मांग है। अगर नीतीश कुमार सरकार ने सर्वेक्षण करवा लिया है तो रिपोर्ट 24 घंटे में जारी होनी चाहिए।''

इस विवाद पर प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोहराया कि उनकी सरकार जनगणना नहीं बल्कि सर्वेक्षण करवा रही है। उन्होंने कहा, ''हम अलग-अलग जातियों के लोगों की गिनती नहीं कर रहे बल्कि हम उनकी आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण कर रहे हैं ताकि हमारे पास सही आंकड़े रहें। हम लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। सर्वेक्षण का कार्य लगभग पूरा हो रहा है।''

बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण करवाने का निर्णय गत वर्ष 2 जून को लिया था जब केन्द्र ने जनगणना में यह कवायद करने से इंकार कर दिया था।

सर्वेक्षण में करीब 12.70 करोड़ आबादी को शामिल करना था और इस वर्ष 31 मई तक पूरा करना था, लेकिन पटना हाई कोर्ट ने सर्वेक्षण रूकवा दिया। इस माह के आंरभ में हाई कोर्ट ने नीतीश कुमार को सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति दी, जब उन्होंने यह आश्वासन दिया कि इस सर्वेक्षण में संकलित आंकड़े सुरक्षित रखे जाएंगे।

हाई कोर्ट की अनुमति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

इंडिया गठबंधन के नेताओं की राय है कि जातीय सर्वेक्षण के परिणाम 2024 के चुनाव के लिए राजनैतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हो सकते है, विशेषकर जब जद (यू) और राजद जैसे दल भाजपा का मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल हुए हैं।

इस बीच लोकसभा चुनाव जल्दी करवाए जा सकते हैं क्योंकि भाजपा को डर है कि विपक्षी एकता के कारण समय के साथ उसे ज्यादा नुकसान होगा। मंगलवार को यह कहते हुए नीतीश कुमार ने हाल ही में ममता बनर्जी द्वारा किए गए ऐसे दावे का समर्थन किया।

इस पृष्ठभूमि में मुंबई में होने वाली इंडिया की बैठक बहुत महत्वपूर्ण है जहां कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। प्रचार समिति, समन्वय समिति जैसी कई समितियां गठित होगी।

# चुनावी लड़ाई में प्रत्याशी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(अचू) को बदनाम किया जा सके। तथा इस प्रकार शिकायतकर्ता के खिलाफ असत्य, झूठे तथा लज्जाजनक आरोप लगाते हुये कहा गया है कि वे (अचू) तथा उनके पिता भ्रष्ट हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके एवं उनके परिवार के खिलाफ किये गये इन व्यक्तिगत हमलों का उद्देश्य लोगों का ध्यान उस ज़मीनी सच्चाई से हटाना है, जहाँ लोग भ्रष्टाचार एवं महँगाई की चर्चा कर रहे हैं।

अचू ओमान ने दृढ़तापूर्वक कहा कि उनका जीवन एक खुली किताब है तथा वे कई वर्षों से फैशन एवं ट्रेवल सैक्टर में कन्टेंट क्रिएटर के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने, आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी कन्टेंट क्रिएशन एक्टिविटीज़ के हिस्से के रूप में जो तस्वीरें ली थीं, उन तस्वीरों का दुरुपयोग निहित स्वार्थ वाले लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया जा रहा है तथा इस सबका सोचा-समझा उद्देश्य उनके पिता की छवि को खराब करना है।

5 सितम्बर को होने वाले इस उपचुनाव के प्रचार के अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचने के साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर पूर्व एव वर्तमान मुख्यमंत्री के परिजनों के निजी जीवन से संबंधित आरोप-प्रत्यारोप खुले आम लगाये जा रहे हैं। इस प्रकार के हमलों की निन्दा करते हुए, सी.पी.एम. उम्मीदवार ने कहा कि अचू पर हो रहे ये साइबर हमले तथा किसी के भी निजी जीवन से संबंधित आरोप-प्रत्यारोप स्वीकार नहीं किये जा सकते।

सी.पी.एम. उम्मीदवार ने कहा, ''चाहे यह सब पूर्व मुख्यमत्री की बेटी के खिलाफ हो या मौजूदा मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।''

इस विधानसभा सीट के लिये गठबंधन के दो पार्टनरों के बीच चल रही इस घोर लड़ाई का बचाव करते हुये, केरल के एक कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के गठन का उद्देश्य लोकसभा चुनावों में अधिकतम संभव सीटों पर विपक्षी तथा सत्तारूढ़ भाजपा के उम्मीदवार के बीच ''वन-ऑन-वन'' चुनावी टक्कर सुनिश्चित करना है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''आश्वस्त रहिये, केरल में भाजपा ने अब तक कभी भी एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं की है तथा अगली बार भी वह एक सीट नहीं जीत पायेगी।'' उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनावों में कोई भी जीते, उससे संसद में ''इंडिया'' की सदस्य संख्या में ही बढ़ोतरी होगी।

## राजे की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। भाजपा को डर है कि अगर वसुंधरा समर्थक प्रत्याशियों की अनदेखी की गई तो कांग्रेस को फायदा होगा।


यद्यपि पार्टी ने सामुहिक नेतृत्व की बात की है और किसी को भी मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, लेकिन प्रत्याशी चयन में राजे को महत्व मिलना तय है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908





17.78 cm SmartPlay Studio (Available from Zeta variant onwards)


High Ground Clearance and SUV-like Stance



Auto Gear Shift


Spacious and Comfortable Interiors


1.2L VVT Petrol Engine

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

*Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. For details on functioning of safety features, including air bags, kindly refer Owner's Manual.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING OFFERS.**

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

*Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details, please contact your nearest NEXA dealership.

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)